दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2020, आश्विन कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-238 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे कहते है आम के आम और गुठलियों के दाम। कोरोना काल में सभी को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है लेकिन फिल्मी सितारों की ड्रग्स के लायक कमाई हो ही रही है। बेशक फिल्में नहीं बन रही हैं लेकिन उन्हें विज्ञापन भरपूर मिल रहे हैं। कोई जूते बेच रहा है, कोई चप्पल बेच रहा है। कोई अगरबत्ती बेच रहा है तो कोई हार्पिक बेच रहा है। पेप्सी और बिंगो टेढ़े-मेढ़े से लेकर पानी टंकी तक पता नहीं क्या-क्या बेच कर ये फिल्मी सितारे मोटा माल कमा रहे हैं। भले ही उन्हें कोई खरीद नहीं रहा है।

कोरोना काल में 600 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी की हुई खरीदी बिक्री

नवप्रदेश संवादाता

■ जब बाजार था ठंडा तब शहर में हुई करोड़ों की डील
■ नेता, कारोबारी ने किया पार्टनरशिप में जमीन का सौदा
■ खरीदारों में कई ऐसे जिनके यहां पड़ा था आयकर छापा
■ कोरोना काल में करीब 600 करोड़ रु. की प्रॉपर्टी बिकी

नवप्रदेश Exclusive

रायपुर। देशभर में जब कोरोना के कारण धंधा चौपट था, बाजार में लिक्विड (कैश) खत्म हो चुका था। जमा-जुमाया कारोबार लॉकडाउन की भेंट चढ़ गया तब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में करोड़ों की जमीन का सौदा हो गया। सौदा करने वालों में वे लोग थे जिनके यहां इंकम टैक्स का सर्वे और छापा हुआ और कुछ भी नहीं निकला। उन्हीं लोगों ने चंद महीनों बाद ही राजधानी की सबसे महंगी-मंहगी जमीन और बिल्डिंग खरीदते-बेचते रहे।

इसमें डॉक्टर परिवार, कारोबारी, पॉलिटीशियन और उनके करीबी पार्टनर शामिल हैं। कटोराताला, सिविल लाइन, फुंडहर, छेरीखेड़ी, वीआईपी रोड, अमलीडीह और धरमपुरा की महंगी जमीनों का मुंहमांगे दाम पर सौदा हुआ। मजे की बात यह कि लॉकडाउन के नुक्सान और कोरोना संक्रमण काल में हुई इस डील का आंकड़ा तकरीबन 600 करोड़ का बताया जाता है। जमीन कारोबारियों के बीच इस कच्चे के सौदे की पक्की खबर अब आयकर विभाग तक पहुंच गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कच्चे-पक्के में सौदे का राज

खरीदार और बिकवाल के बिचौलियों की मानें तो राजधानी के प्राइम लोकेशन की जमीनों, भवनों और व्यवसायीक प्रतिष्ठानों का सौदा तो तकरीबन 600 करोड़ का हुआ है। लेकिन मुंहमांगे दाम पर खरीदी गई प्रॉपर्टी की पेमेंट कच्चे और पक्के में की गई है। ताकि आईटी की जांच में फिर एक बार महमके की जांच टीम को कार्रवाई की स्थिति में जवाब दिया जा सके।

इन इलाकों की जमीनें बिकीं

■ फुंडहर, ■ छेरिखेड़ी
■ धरमपुरा, ■ सिविल लाइन
■ अमलीडीह, ■ वीआईपी रोड

सच्चा सौदा कच्चा सौदा ऐसा

महल 100 से 125 करोड़, डॉक्टर भाई की जमीन (11 हजार फुट) 10-12 करोड़, धरमपुरा में बड़े मीडिया घराने के प्रोजेक्ट की जमीन 215 करोड़, वीआईपी रोड में बीजेपी की पूर्व नेत्री की जमीन 50 करोड़ रु., बड़े होटलों के सौदे भी बाजार में फेंके गए हैं।

600 से बढ़कर हो जाएगा 1000 का सौदा

कोरोना के बाद से राजधानी में लाकडाउन के दौरान जमीन के बड़े सौदे हुए हैं। राजधानी के एक बड़े ब्रोकर ने बताया कि सबसे अधिक डिमांड फार्म हाउस की जमीन की रही। दस हजार वर्गफीट से लेकर दस एकड़ व बीस एकड़ तक की जमीन लोगों ने खरीदी। लगभग पिछले 6 महीने में 1 हजार करोड़ के जमीन के सौदे हुए हैं। सबसे अधिक डिमांड वीआईपी रोड व उससे लगी हुई एप्रोच रोड की जमीन की है। लगातार जमीन बिक रही है।

खास- खबर

किसान कानूनों के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली (वार्ता)। किसानों से संबंधित कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर उच्चतम न्याालय में कई याचिकाएं दायर हो चुकी हुई हैं, लेकिन बुधवार को इसके उलट इन कानूनों को अक्षरशः लागू कराने के लिए एक याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की गयी है। हिंदू धर्म परिषद ने किसान कानूनों को लागू करने के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की है।

भूपेश कैबिनेट की बैठक आज

रायपुर (नव प्रदेश)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में गुरूवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में धान खरीदी, नये कृषि कानून सहित कई विषयों पर चर्चा की जा सकती है। बैठक में स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग आदि विभागों की योजनाओं के साथ-साथ प्रदेश में कोरोना की स्थिति और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं आदि पर भी चर्चा किया जा सकता है।

जल्द नियमित ट्रेनों का परिचालन होगा शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 महामारी के कारण करीब सात महीने तक बंद रहने के बाद नियमित ट्रेनों का परिचालन जल्द शुरू होगा। रेलवे बोर्ड ने शुरुआती चरण में विशेष सेवा के रूप में राजधानी, दुरंतो और शताब्दी समेत 39 जोड़ी एसी ट्रेनों के परिचालन की अनुमति दी है। रेलवे बोर्ड ने आज एसी शयनयान वाली 26 जोड़ी ट्रेनों और एसी चेयर कार वाली 13 जोड़ी ट्रेनों के परिचालन की मंजूरी दी है।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 39878.95
निफ्टी- 11738.85
गोल्ड- 50030 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 59849 (1 कि ग्रा.)

कोरोना : 2021 तक 15 करोड़ हो जाएंगे गरीब : विश्व बैंक

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस महामारी के कारण 2021 तक 15 करोड़ लोगों के अत्यधिक गरीबी के दलदल में फंसने के आसार हैं। विश्वबैंक ने बुधवार को यह चेतावनी दी। विश्वबैंक ने कहा कि देशों को कोरोना वायरस महामारी के बाद अलग प्रकार की अर्थव्यवस्था के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें पूंजी, श्रम, कौशल व नवाचार को नये क्षेत्रों तथा व्यवसायों में जाने की अनुमति देनी होगी। संगठन ने कहा कि कोविड-19 के कारण इस साल 8.8 करोड़ से 11.5 करोड़ अतिरिक्त लोगों के अत्यधिक गरीबी के दायरे में धकेल दिये जाने की आशंका है। इससे 2021 तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2030 तक गरीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल कर पाना मुश्किल

रिपोर्ट में कहा गया कि पहले से ही जिन देशों में गरीबी दर अधिक है, उन्हीं देशों में नये गरीबों की संख्या भी बढ़ने वाली है। कई मध्यम-आय वाले देशों में महत्वपूर्ण संख्या में लोग अत्यधिक गरीबी रेखा से नीचे खिसक जायेंगे। रिपोर्ट में अनुमान के मुताबिक लगभग 82 प्रतिशत ऐसे लोग मध्यम आय वाले देशों में होंगे। विश्व बैंक ने कहा कि संघर्षों, पर्यावरण में परिवर्तन समेत कोविड-19 के कारण 2030 तक गरीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल का पाना मुश्किल लग रहा है। उसने कहा कि अब 2030 तक वैश्विक गरीबी दर सात प्रतिशत के आस पास रहने का अनुमान है।

सशर्त जमानत में रिया चक्रवर्ती रिहा

मुंबई (वार्ता)। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को बुधवार को सशर्त जमानत दे दी। न्यायालय ने रिया को 10 दिन तक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों के दफ्तर में उपस्थित होने और जांच अधिकारियों के समक्ष पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। रिया के अलावा दीपेश सावंत और सैमुअल मिरांडा को बुधवार को जमानत दे दी गई है।

उल्लेखनीय है कि बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में ड्रग्स सप्लाई करने की जांच कर रही एनसीबी ने 18 अन्य आरोपियों के साथ रिया और उसके भाई शोविक चक्रवर्ती गिरफ्तार किया था। आरोपियों में सुशांत के स्टाफर्स दीपेश सावंत, सैमुअल मिरांडा तथा कई ड्रग्स तस्कर तथा सिने जगत से संबंधित लोग भी शामिल हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर धरना प्रदर्शन के नाम पर नहीं किया जा सकता कब्जा

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने शाहीन बाग प्रदर्शन मामले में बुधवार को कहा कि धरना और प्रदर्शन के नाम पर सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर अनिश्चित काल के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि सीएए के विरोध में बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे, रास्ते को प्रदर्शनकारियों ने ब्लॉक किया था, जो गलत है क्योंकि कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों एवम् सड़कों पर अनिश्चितकाल के लिए कब्ज़ा नही किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि सड़क पर आवागमन का अधिकार अनिश्चित काल तक रोका नहीं जा सकता।

पालघर लिंचिंग: सुनवाई 15 नवम्बर तक टली

नई दिल्ली (वार्ता)। महाराष्ट्र के पालघर में दो साधुओं और उनके ड्राइवर की पीट-पीटकर हत्या किये जाने के मामले की उच्चतम न्यायालय में सुनवाई 15 नवम्बर तक के लिए टल गयी है।

छग: कोरोना को मात देने वाले मरीजों की संख्या 1 लाख पार

■ कोविड सेंटरों से 57998 व होम आईसोलेशन में 42553 मरीज स्वस्थ

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमित मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। राज्य शासन द्वारा संचालित कोविड अस्पतालों, कोविड केयर सेंटर्स, निजी अस्पतालों और होम आइसोलेशन में इलाज के बाद स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या एक लाख से अधिक हो गई है। प्रदेश में अब तक एक लाख 551 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। इनमें विभिन्न अस्पतालों एवं कोविड केयर सेंटर्स में ठीक हुए 57 हजार 998 तथा होम आइसोलेशन में उपचार के बाद स्वस्थ हुए 42 हजार 553 मरीज शामिल हैं। कोरोना की जंग जीतने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण अब प्रदेश की रिकवरी दर 78 प्रतिशत हो गई है। वहीं मृत्यु दर 0.86 प्रतिशत है।

देश में लगातार कम हो रहे हैं कोरोना के सक्रिय मामले

नई दिल्ली (वार्ता)। *देश में प्राण घातक कोरोना वायरस (कोविड-19) से निजात पाने वाले लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके कारण इसके सक्रिय मामले कम हो रहे हैं और यह घटकर 9, 07, 883 पर आ गए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में 82,203 कोरोना मरीज ठीक हुए।*

ट्रंप के सलाहकार स्टीफन मिलर कोरोना से संक्रमित

वाशिंगटन (वार्ता)। *अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार स्टीफन मिलर कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। श्री मिलर बयान जारी कर कहा, पिछले पांच दिनों से मैं अलग-थलग रहकर काम कर रहा था और हर दिन मेरा टेस्ट नेगेटिव आता था। लेकिन आज मेरा कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है और मैं फिलहाल क्वारेंटीन में हूं।*

स्टेट बैंक के पोर्टल पर पीएम स्वनिधि

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि - पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लेने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक के ई- मुद्रा पोर्टल से भी आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने पीएम स्वनिधि पोर्टल और ई- मुद्रा पोर्टल के बीच एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस का बुधवार को यहां इसका लोकार्पण किया। इससे पीएम स्वनिधि पोर्टल और एसबीआई के ई-मुद्रा पोर्टल के बीच डेटा के निर्बाध प्रवाह की सुविधा होगी और ऋण स्वीकृति तथा वितरण प्रकिया में तेजी आएगी। मंत्रालय अन्य बैंकों के साथ भी इसी तरह की संभावनाओं का पता लगाएगा और इसके लिए एक परामर्श बैठक जल्दी ही आयोजित की जाएगी।

तमिलनाडु : शशिकला की 2 हजार करोड़ की प्रॉपर्टी सीज

चेन्नै ए.। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे. जयललिता की सहयोगी रही वीके शशिकला की अकूत संपत्ति पर शिकंजा कसा है। शशिकला की तमिलनाडु के कोडानाड और सिरुथवूर स्थित संपत्तियां इनकम टैक्स विभाग ने सीज कर दी हैं। आयकर विभाग के एक बयान के मुताबिक, इन संपत्तियों की कीमत 2000 करोड़ रुपये है। इनमें से अकेले दो संपत्तियों की कीमत 300 करोड़ रुपये से ज्यादा है। तमिलनाडु के सिरुथवूर और कोडानाडू में स्थित ये संपत्तियां जयललिता की सहयोगी शशिकला और उसके रिश्तेदार इलावरासी और सुधाकरण के नाम पर हैं।

जीनोम एडिटिंग का तरीका खोजने वाली दो महिला वैज्ञानिकों को मिला केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार

■ इमैनुअल शार्पेंची और जेनफिर डाउडना को मिलेगा संयुक्त पुरस्कार

स्टॉकहोम (वार्ता)। इस वर्ष का रसायन का नोबेल पुरस्कार दो महिला वैज्ञानिकों, इमैनुएल कारपेंतिए और जेनिफर ए डौडना को 'जिनोम एडिटिंग' के लिए संयुक्त रूप से दिया जायेगा।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को एक बयान जारी करके कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने जीन टेक्नोलॉजी के लिए अहम टूल सीआरआईएसपीआर-सीएएस9 विकसित किया है।इसे जेनेटिक सीजर्स नाम दिया गया है। रसायन के नोबेल समिति के अध्यक्ष सी गस्टाफ्सन ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने जेनेटिक सीजर की अहम खोज की है। इसके जरिए जानवरों, पौधों, माइक्रोऑर्गेनिज्म के डीएनए में बदलाव करके गंभीर रोगों का इलाज संभव हो सकेगा। श्री गस्टाफ्सन ने कहा, इससे जानवरों, पौधों और सूक्ष्म जीवों तक के डीएनए में बदलाव किए जा सकेंगे। इससे कैंसर समेत कई गंभीर और आनुवांशिक बीमारियों का इलाज हो सकेगा। रसायन के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली सुश्री कारपेंतिए और सुश्री डौडना क्रमशः पांचवी और छठी महिला वैज्ञानिक हैं।

शोपियां में मुठभेड़ 3 आतंकवादी ढेर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में घेराबंदी तथा तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बुधवार को तीन अज्ञात आतंकवादियों मारे गये। अफवाह फैलने से रोकने के लिए एहतियात भारत संचार निगम लिमिटेड सहित सभी मोबाइल कंपनियों की इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गयी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर राज्य पुलिस के विशेष अभियान दल, राष्ट्रीय राइफल्स तथा केंद्रीय रिसर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने संयुक्त रूप से शोपियां के सज्जाद मोहल्ला सुगन जैनापोरा में मंगलवार की शाम तलाश अभियान शुरू किया।

भारत-जापान के बीच साइबर सुरक्षा करार को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और जापान के बीच साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के एक करार को आज मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

इस करार से परस्पर हित के क्षेत्रों में सहयोग बढेगा जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, साइबरस्पेस के क्षेत्र में क्षमता निर्माण, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा, उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग, साइबर सुरक्षा खतरों और दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने के अलावा उनका मुकाबला करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यास, सूचना संचार प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि की सुरक्षा के लिए संयुक्त तंत्र का विकास करना शामिल है।

कोलकाता मेट्रो परियोजना को भी मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कोलकाता ईस्ट वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर परियोजना के लिए नए संशोधित लागत के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। बैठक के बाद रेल मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लंबे समय से अटकी इस परियोजना के पूरा होने पर कोलकाता समेत 24 उत्तरी परगना और हावड़ा जिलों में रहने वाले लोगों को बहुत फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि 8575 करोड़ लागत की 16.6 किलोमीटर लंबी ये मेट्रो परियोजना दिसंबर 2021 तक पूरी हो जाएगी।*

शर्मनाक छत्तीसगढ़ में एक और निर्भया की सात दरिंदों ने नोंच ली इज्जत

न्याय नहीं मिला तो शर्मिंदा हो फांसी लगा ली 'निर्भया'

■ आदिवासी बेटी की मौत के बाद पिता ने भी की खुदकुशी की कोशिश तब खुला राज

नवप्रदेश संवादाता

कोंडागाँव। देश भर में इन दिनों आए दिन अनाचार के मामले सामने आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश के हाथरस व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के बाद अब केशकाल विधानसभा के धनोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक और युवती के साथ 7 लोगो के द्वारा सामुहिक दुष्कर्म का मामला आया है,जिसके बाद युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यही नही जिसके पश्चात उसकी मौत हो गई और 2 माह बाद उसके पिता ने भी जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया हैं। जिसके बाद युवती के साथ हुए दुष्कर्म का प्रकरण सामने आया है। लेकिन आज दिनांक तक न तो सामुहिक अनाचार को लेकर थाने में किसी प्रकार का केस दर्ज हुआ है न ही आत्महत्या के प्रकरण की गुत्थी सुलझी है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मृतिका की सहेली ने बताई आप बीती, किया दुष्कर्म की घटना का खुलासा

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित लड़की के परिवार वालो से मिलने पर लड़की के सहेली ने उस रात की घटना की जानकारी देते कहा की 2 माह पहले मैं और मेरे सहेली शादी में शामिल होने के लिए ग्राम कनागांव गए थे। जहां रात के वक्त हम सब शादी में नाच रहे थे कि कनागांव व फुंडेर गांव के लगभग 7 युवको ने जबरदस्ती पीड़िता को शादी वाले घर से उठाकर जंगल की ओर लेकर चले गए। जहां घन्टो तक युवकों के द्वारा युवती के साथ सामुहिक रूप से अनाचार जैसी घिनौनी घटना को अंजाम दिया गया और देर रात्रि फिर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

परिजनों का अरोप- धनोरा पुलिस नहीं कर कार्रवाई

पीड़ित परिवार के अमरू कावड़े ने कहा कि कि उक्त घटना के कुछ दिन बाद धनोरा थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी ने हमें थाना बुलाया था, जहां उन्होंने कहा था कि उन्हें अनाचार व आत्महत्या दोनों घटना की जानकारी मिल गयी है तथा वह एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। हमें कानूनी कार्रवाई हेतु तैयार रहने व गवाही देने को कहा गया था जिससे हमे कोई आपत्ति नही थी। लेकिन आज दिनांक तक उक्त घटना में संलिप्त आरोपियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नही हुई है तथा सभी आरोपी स्वतंत्र होकर घूम रहे हैं।

अंबानी परिवार ने की देवस्थानम बोर्ड के कर्मचारियों की मदद

अनंत ने बोर्ड के फंड में 5 करोड़ का दिया दान

देहरादून ए.। उत्तरखंड चारधाम देवस्थानम एवं प्रबंधन बोर्ड को उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी ने पांच करोड़ का दान दिया है। इस मदद से बोर्ड के 650 कर्मचारियों के वेतन को लेकर किसी भी तरह का कोई संकट नहीं रहेगा। चारधाम यात्रा पर इस बार कोरोना महामारी का असर रहा है। श्रद्धालु बेहद कम संख्या में पहुंचे।

हर साल उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर करीब 32 लाख श्रद्धालु आते हैं। इस बार कोरोना के कारण अभी तक बामुश्किल 60 हजार के करीब श्रद्धालु पहुंचे हैं। एक लाख आठ हजार के करीब पंजीकरण जरूर हुए हैं। ये संख्या 2013 की आपदा के बाद से भी बेहद कम है। इस कम संख्या का असर सीधे बोर्ड के राजस्व पर भी पड़ा है जहां पहले सामान्य स्थिति में हर साल करीब 55 करोड़ का दान प्राप्त होता था, वो इस बार दो करोड़ भी नहीं पहुंच पाया है।

अगले सौ दिन महत्वपूर्ण, त्योहारों के मौके पर भीड़ जुटने की आशंका

- सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क पहनने पर दें पूरा जोर, लोगों को सजग रहने के बारे में समझाएं
- दीपावली, ईद, नवरात्रि, क्रिसमस, छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहार होंगे, इसकी प्लानिंग करें कि किस तरह सजगता और सुरक्षा से लोग अच्छे से त्योहार का आनंद ले सकें

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अगले सौ दिन बेहद महत्वपूर्ण होंगे। जिले में लाकडाउन लगाने के निर्णय से पाजिटिव केस में कमी आई है लेकिन कोविड का खतरा बना हुआ है किसी भी तरह से सजगता कम नहीं करनी है। इन सौ दिनों में सबसे महत्वपूर्ण त्योहार होंगे। इनमें दीपावली, नवरात्रि, दशहरा, ईद और क्रिसमस तथा छठ पूजा जैसे त्योहार होंगे। इसमें बड़ी संख्या में भीड़ बाजारों में और सार्वजनिक स्थल पर आ सकती है। इसमें सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का पालन करने के लिए पूरी रणनीति बनाएं। लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करें कि कोविड से बचाव का रास्ता सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क पहनना है। बिना जरूरी कारण के सार्वजनिक स्थलों पर न जाएं। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि त्योहारों के मौके पर किस तरह से बाजारों में विशेष व्यवस्था बनाई जा सकती है। इस पर रणनीति बना लें। त्योहारों के मौके पर किस तरह से सजग रहकर कोरोना से बच सकते हैं इस संबंध में भी लगातार जागरूकता अभियान चलाएं। कलेक्टर ने कहा कि कांट्रैक्ट ट्रेसिंग टीम अपना काम बेहतर तरीके से करे। जैसे ही मरीज चिन्हांकित होता है आवश्यक पड़ने पर उसे हास्पिटल भेजने की कार्रवाई की जाए अथवा होम आइसोलेशन के लिए तुरंत मेडिकल किट की व्यवस्था देखी जाए। कलेक्टर ने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों के घरों में स्टीकर चिपके हैं या नहीं, इस पर पूरी सजगता रखें। उन्हें नियमित रूप से फोन आ रहे हैं या नहीं, इस बात पर फीडबैक लें। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत हास्पिटल भेजें। उन्हें डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल में तुरंत भेजें। इसके साथ ही रिस्पांस टाइम बहुत अच्छा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी फीवर क्लीनिक में मेडिकल किट होना चाहिए। लक्षण के मामले में एंटीजन निगेटिव आने पर आरटीपीसीआर अथवा ट्रूनाट भी कराएं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सर्वे अभियान में पचास वर्ष से अधिक आयु के लोग और कोमार्बिड लोगों की विशेष रूप से पहचान करें। इन्हें नियमित रूप से फोन करें और किसी भी तह के लक्षण पर इन्हें टेस्ट के लिए भेजा जाए।

कुरुद माइनर केनाल से हटाया गया कब्जा

भिलाई नगर। नगर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर अवैध कब्जा एवं अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है! जोन-2 वैशाली नगर की टीम ने वार्ड-16 कुरुद में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। दुकान से निकलने वाले गंदा पानी को पाइप लाइन से जोड़कर माइनर कैनाल में डालने और मुरूम डालकर एप्रोच रोड बनाने वाले दो दुकानदारों से 7000 जुर्माना वसूला गया। मौके से तीन हाईवा मुरम जब्त किया गया! जोन आयुक्त पूजा पिल्ले ने बताया कि कुरुद बस्ती के तालाबों में गर्मी में पानी भरने के लिए तांदुला मुख्य माइनर से एसीसी, घासीदास नगर और कुरुद माइनर से भरा जाता है। इसी माइनर से नालंदा स्कूल के सामने के तीन दुकानदारों ने बाथरूम से निकलने वाले आउटलेट की पाइपलाइन को नहर में डालने के बाद मुरूम डालकर एप्रोच रोड बनाने का कार्य कर रहे थे। जिसे बंद कराया गया। मौके से तीन ट्रक मुरम को जब्त किया गया। दुकानदार सीता राम स्वीट्स से 3000 रुपए और पंजाबी तड़का पर 4000 रुपए जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा माइनर पर बनाई गई स्लैब, रैंप को तोडऩे की कार्रवाई की गई।

डेंगू से बचने निगम की टीम पहुंची घर-घर, 118 कूलर कराए खाली

■ घर-घर सर्वे कर रही है निगम की टीम

भिलाईनगर/ डेंगू से बचाव के लिए निगम की टीम ने विगत 15 दिनों में वार्ड 06 सुपेला बाजार, वार्ड 12 कांट्रेक्टर कालोनी, वार्ड 25 संतोषी पारा, वार्ड 04 राधिका नगर अंतर्गत (संजय नगर पूर्व एवं पश्चिम, न्यु कृष्णा नगर), वार्ड 22 श्याम नगर अंतर्गत सूर्या नगर, ठेठवार पारा, नहर किनारे बस्ती, वार्ड 23 रविदास नगर सहित आसपास के कुल 2206 घरों का निरीक्षण किया ! कुल 6406 कूलर व पानी भरने वाले कंटेनर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान 118 कूलर जिसमें पुराना पानी संग्रहित कर रखा गया था इसमें मच्छर लार्वा की उत्पत्ति होने की संभावना को देखते हुए टेमिफॉस का उपयोग कर पानी खाली कराया गया। इस दौरान 15 घरों में मच्छर का लार्वा पाया गया, जिसमें टेमिफास डालकर नष्ट किया गया, साथ ही लार्वा पाए घरों में परिवार के सभी सदस्यों को 2-3 दिन से ज्यादा पानी संग्रहित कर नहीं रखने की समझाइश दी गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हुए हैं! निर्देश अनुरूप स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह को सम्मिलित कर सर्वे टीम बनाई गई है जो डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए प्रतिदिन कार्य कर रही है!

मच्छरों को नष्ट करने प्रतिदिन हो रही है फागिंग स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड के लिए टीम बनाई है जो घरों में सर्वे का कार्य रहे है, मच्छरों को नष्ट करने के लिए प्रतिदिन फागिंग कराई जा रही है। बारिश के कारण रहवासी क्षेत्रों में जलभराव वाले 50 स्थानों पर मलेरिया आयल का छिड़काव किया गया ताकि वहां उत्पन्न होने वाले मच्छर के लार्वा को समाप्त किया जा सके। डेंगू, मलेरिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु नागरिकों में जन जागरूकता हेतु 1955 नग पाम्प्लेट भी वितरण किया गया। 2048 घरों में पुराने गमले, टायर व अनुपयोगी पात्रों में टेमीफास के घोल का छिड़काव किया गया। इसके अलावा जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं द्वारा खून जांच हेतु 41 लोगों की रक्तपटिट्का तैयार कर लैब भेजा गया है।

महापौर देवेन्द्र ने गायों को खिलाएं पोस्टिक आहार

भिलाईनगर। महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने कोसानाला भिलाईनगर रेलवे स्टेशन स्थित गौठान का निरीक्षण किया, उन्होंने वर्मी कम्पोष्ट, जैविक खेती, मछलीपालन, गोबर खरीदी, तालाब गहरीकरण, चारागाह व गायों के विचरण स्थल का मुआयना किया और अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। गौठान में गायों को पौष्टिक भोजन के लिये गुड़ खिलाया। इस दौरान एल्डरमेन शमशेर बहादुर सिंह, नरसिंह नाथ, केशव चौबे आदि मौजूद थे। गौठान के समीप ही तालाब का गहरीकरण कार्य निगम के द्वारा कराया गया है, इसे व्यवस्थित करने के निर्देश महापौर ने अधिकारियों को दिये। श्री यादव ने महिलाओं से चर्चा करते हुए गोबर खरीदी एवं वर्मी कंपोस्ट बनाने की जानकारी प्राप्त की ! वर्मी कम्पोस्ट के लिये शेड निर्माण पूर्ण हो चुका है जिसमें 30 कम्पोस्ट पिट तैयार कर लिये गये है। इस पिट में वर्मीकम्पोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। 2 पिट में केंचुआ पालन भी किया जा रहा है, ताकि इन केंचुआ का उपयोग वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए किया जा सके। इसके अतिरिक्त 5 वर्मी बेड भी बनाये गये है, जिसमें से वर्मी कम्पोस्ट बनकर विक्रय हेतु तैयार हो गया है। गुणवत्ता परीक्षण किए जाने के पश्चात विक्रय किया जाएगा। महापौर ने तैयार वर्मी कंपोस्ट का अवलोकन किया!

गौठान में किया जा रहा है मछलीपालन गौठान में मछलीपालन किया जा रहा है रोहू, कतला, तलबिया प्रजाति के बीज तालाब में डाले 2 महीना हो गया है। स्व. सहायता समूह की महिलाएं मछली का उत्पादन कर आय अर्जित करेगी। समूह की महिलाएं रेखा बघेल, रश्मि त्रिपाठी, सुनीता सिंह, शोभा साहू एवं सुशीला जंघेल ने गौठान में जैविक खेती की तैयारी आरंभ कर ली गई है। सब्जियों की एक फसल लेने के बाद दूसरे फसल की तैयारी की जा रही है।

गोबर से बने उत्पादों का किया जा रहा है विक्रय

स्व. सहायता समूह की महिलाएं गोबर के उपयोग से दंत मंजन, तैयार कर विक्रय कर रही है। 60 पैकेट का अब तक विक्रय कर 1200 आय अर्जित कर चुकी है। इसी तरह से गोबर के कंडे तैयार कर रही है और गोबर के उपयोग से मच्छर अगरबत्ती बनाकर विक्रय कर रही है। यहां की महिलाएं दीपावली पर्व के लिये दिये भी बनाएगी। निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 1 के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, सहायक अभियंता सुनील दुबे आदि मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग

द्वितीय आमंत्रण विज्ञापन क्र.-82

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल वृत्त-दुर्ग अंतर्गत निम्न कार्यों हेतु निविदा दिनांक 27.10.2020 तक आमंत्रित की जाती है:- 1. हेल्थ डिपार्टमेंट अलनार, ब्लाक लोहण्डीगुड़ा, जिला बस्तर में 01. No. Male/ Female Ward, 01 No. Male/ Femal Toilet, 01 KIT Shed का निर्माण कार्य के साथ फेंसिंग एवं मरम्मत कार्य हेतु राशि रु. 22.42 लाख की ऑनलाईन निविदा। 2. खारून ग्रीन्स कुम्हारी में स्वीमिंग पुल के निर्माण कार्य हेतु राशि रु. 43.68 लाख की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। नियम, शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in तथा मण्डल वेबसाइट www.cghb.gov.in में उपलब्ध है, अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता संभाग- जगदलपुर के मो.नं. 94242-09020 एवं संभाग-दुर्ग के मो.नं. 98271-75003 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सं.-26613/1 उपायुक्त

कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)

ई-मेल cgayushjagdalpur@gmail.com दूरभाष एवं फैक्स क्र.- 07782-227927

क्रमांक/योजना/रा.आ.मि./2020/781 जगदलपुर, दिनांक 05/10/2020

// निविदा सूचना //

नोबेल कोविड वायरस (कोविड-19) वैश्विक महामारी संक्रमण काल की स्थिति में कोविड प्रकरणों के प्रबंधन के लिए होम आइसुलेशन कण्डिका ए-7 में दवाईयों की किट के लिए आयुष काढ़ा उपलब्ध कराने हेतु काढ़ा औषधि (कच्चा माल) एवं कोविड-19 से बचाव सामग्रियां क्रय करने के लिए पंजीकृत संस्थाओं/ फर्मों से निर्धारित दर पर (शासन के पक्ष में जो भी छूट होता हो) किए जाने हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। टू बीड निविदा में प्रथम लिफाफे पर फ्री क्वालीफाईड एवं द्वितीय लिफाफे पर प्राईज बीड लाल रंग के स्याही में अंकित होना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 14/10/2020 सायं 05.30 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 16/10/2020 दोपहर 02.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि - 16/10/2020 शाम 04.00 बजे।

टीप :- निविदा की शर्तें व नियम की जानकारी कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10.30 से संध्या 05.30 तक आवेदन पत्र देकर राशि रु. 500/- (पांच सौ रु.) नगद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

जिला आयुर्वेद अधिकारी

जी-84100/3 जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)

मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने किया नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

दुर्ग। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने धमधा के ग्राम पंचायत ग्राम मेड़ेसरा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का यहां शुभारंभ होने से क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। क्षेत्रवासियों को ज्यादा दूर जाना नहीं पड़ेगा, गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जितने संसाधन और सुविधा की आवश्यकता होगी उनकी व्यवस्था की जाएगी। इस केंद्र का निर्माण 61 लाख 96 हजार रूपए की लागत से छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉर्पोरेशन के द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आसपास के गांवों की 18 हजार जनसंख्या निर्भर है। यहां प्रतिदिन ओ.पी.डी. में 3 से 4 सौ लोग ईलाज कराने आते हैं। मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार ने ग्रामवासियों की मांग पर यहां स्कूल परिसर में अहाता निर्माण, सी.सी. रोड निर्माण, बोर खनन व प्रतीक्षालय निर्माण की स्वीकृति दी।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KISHORE KUMAR SHAH S/O JETHA BHAI SHAH निवासी MIG-137, PADMANABHPUR OPPOSITE MIG MARKET DURG (C.G) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KISHORI LAL SHAH S/O JETHA BHAI SHAH रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KISHORI LAL SHAH S/O JETHA BHAI SHAH से ही जाना पहचाना जावे।

KISHORI LAL SHAH
MIG-137, PADMANABHPUR
OPPOSITE MIG MARKET
DURG (C.G) 491001

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KALPANA D.SHAH (KALPANA DHARMESH SHAH) D/O MATROO LAL JAIN निवासी MIG-137, WARD NO.45, PADMANABHPUR DURG (C.G) 491001 यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KALPANA SHAH W/O DHARMESH SHAH रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KALPANA SHAH W/O DHARMESH SHAH से ही जाना पहचाना जावे।

KALPANA SHAH
MIG-137, WARD NO.45,
PADMANABHPUR
DURG (C.G) 491001

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone4@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डुमरतराई, रायपुर में निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार अंतर्गत ''ब'' सुविधा (Kiosk) दुकान क्रमांक- 52 (भूतल) श्रीमती निशा हिन्दुजा पति श्री नीरज हिन्दुजा के नाम पर आफर आधार के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमाकर अपने पक्ष में दिनांक 29.11.2018 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती निशा हिन्दुजा पति श्री नीरज हिन्दुजा निवासी-21, सांई रेसीडेन्सी, एमएमआई अस्पताल के पास लालपुर, रायपुर द्वारा उक्त दुकान को श्री दिलीप केवलानी पिता श्री थावरदास केवलानी निवासी- मकान नं. 42/1091, श्याम नगर रोड, कटोरा तालाब, रायपुर को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

निविदा सूचना

क्रमांक 46/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2020 रायपुर, दिनांक 06.10.2020

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्म से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं **स्पीड पोस्ट** से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा जारी करने की तिथि - 21.01.2020 को सायं 5.30 बजे तक
2 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि - 30.10.2020 को सायं 5.30 बजे तक
3 निविदा खोलने की तिथि - 31.10.2020 को सुबह 11.00 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	अवधि प्रपत्र	निविदा	एस.ओ.आर./ नॉन एस.ओ.आर
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	इंडोर स्टेडियम (कोविड-19 हास्पिटल) में सम्पवेल से पानी सप्लाई हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य	4.00	4,000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	15 दिन	प्रपत्र ''अ''	पी.डब्ल्यू.डी.भवन/ रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
2	दानी स्कूल में शौचालय निर्माण एवं संधारण कार्य।	1.76	3,000.00	300.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	1 माह	प्रपत्र ''अ''	पी.डब्ल्यू.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
3	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से जेटिंग एवं सेक्शन वाहन ड्राईवर एवं श्रमिक रखे जाने का कार्य।	7.14	8,000.00	750.00	श्रम आयुक्त कार्यालय कर्मचारी, राज्य बीमा निगम एवं लोककर्म विभाग में पंजीकृत	12 माह	प्रपत्र ''ब''	कलेक्टर दर पर आधारित
4	वार्ड क्र. 45 स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड अंतर्गत गोल बाजार/सराफा लाईन हेतु 15 अतिरिक्त सफाई कर्मी कलेक्टर दर पर रखे जाने का कार्य।	9.30	10,000.00	750.00	श्रम आयुक्त कार्यालय कर्मचारी, राज्य बीमा निगम एवं लोककर्म विभाग में पंजीकृत	6 माह	प्रपत्र ''ब''	कलेक्टर दर पर आधारित
5	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 46 अंतर्गत सीएमएचओ आफिस के पास नाली निर्माण कार्य।	2.02	3,000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	1 माह	प्रपत्र ''अ''	पी.डब्ल्यू.डी.भवन/ रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
6	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 46 अंतर्गत अहमद जी कालोनी ग्रास मेमोरियल के बीच में सी.सी. नाली एवं क्रांकीट कार्य।	11.96	12,000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	3 माह	प्रपत्र ''अ''	पी.डब्ल्यू.डी.भवन/ रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015

नोट :- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज/जीवित पीडब्ल्यूडी लायसेंस/जीएसटी रिटर्न सर्टिफिकेट/ पेन कार्ड/03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न/03 माह का जीएसटी रिटर्न निविदा जारी होने के 03 माह पहले का/ राशि रु. 100/- का शपथ पत्र स्वीकार किया जावेगा। **(राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से होगा।)**
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्तें जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

पेयजल, सड़क बत्ती, सफाई समस्या निराकरण संपर्क निदान- 1100

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 4
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone4@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार डुमरतराई रायपुर द-दुकान (भू-तल+1) दुकान क्रमांक-3, श्रीमती प्रियंका जैन पति श्री किशोर कुमार जैन के नाम पर आफर आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमाकर अपने पक्ष में दिनांक 27.07.2017 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 31.07.2017 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती प्रियंका जैन पति श्री किशोर कुमार जैन निवासी-डी/236 फर्स्ट फ्लोर, एम.आर. कालोनी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त दुकान को श्री शिवा लालवानी पिता श्री खुशीराम लालवानी निवासी- गली नंबर 04, फाफाडीह नाका, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हकत्याग करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त द-दुकान भू-तल+1) दुकान क्रमांक-3, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 106/2020-21
वार्ड का नाम- डा. राजेन्द्र प्रसाद-52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. राजेन्द्र प्रसाद 52 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ मानवी विहार जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती हेमलता देवांगन w/o राजू राम देवांगन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री आकाश राव नायडू s/o स्व. एन.आर. नायडू ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 107/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ बी-9 पलाश विहार जो कि निगम अभिलेख में श्री अमित कोहली s/o स्व. श्री विजय कुमार कोहली, राधा कोहली w/o अमित कोहली के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती अमरौतिन भतपहरी w/o सुशील कुमार भतपहरी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के न्यायालय में मामला क्रमांक 202009211100010/-
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2019-20
पटपर प.ह.नं. 00039 (94/21(0.0236 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - रामचंद काछेला,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचंद काछेला पिता पुरनमल निवासी भगत सिंह वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पटपर प.ह.नं. 39 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 94/21 रकबा 0.0236 हेक्टेयर अर्थात 2537.5 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 12/10/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/09/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के न्यायालय में मामला क्रमांक 202009211100012/-
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2019-20
कड़ार प.ह.नं. 00007 (1126/28(0.1960 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - युवराज साहू, विजय कुमार उर्फ जितेन्द्र कुमार
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण युवराज साहू पिता झगरू साहू एवं अन्य 01 निवासी ग्राम कड़ार तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कड़ार प.ह.नं. 07 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1126/28 शामिल नंबर 1127/28, 1129/28 रकबा 0.196 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एस ब्रिक्स) हेतु कर पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एस ब्रिक्स) के लिए भू-परिवर्तित करने एवं पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 12/10/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/09/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के न्यायालय में मामला क्रमांक 202009210500002/75
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2019-20
सेमरिया प.ह.नं. 00014 (615/2(0.4050 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - राजेश माखिजा,
अनावेदक पक्षकार - नरेन्द्र कुमार,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश माखिजा पिता स्व. कौडामल माखिजा निवासी टेउराम कालोनी भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम सेमरिया प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. खोखली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 615/2 रकबा 0.405 हे. भूमि लगान 1.00 रुपए भूमि जो राजस्व अभिलेख में अनावेदक नरेन्द्र कुमार पिता स्व. गंगाबिशन सा. भाटापारा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20.10.2015 के माध्यम से क्रय करने के कारण अपने नाम पर परिवर्तन किए जाने हेतु पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति, बी-1, खसरा की नकल सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 12.10.2020 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 12.10.2020 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के न्यायालय में मामला क्रमांक 202009211100013/-
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2019-20
कोदवा प.ह.नं. 00045 (2168/4(0.1210 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - जीतू वर्मा
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीतू वर्मा पिता परमेश्वर वर्मा निवासी ग्राम कोदवा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोदवा प.ह.नं. 45 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2168/4 रकबा 0.121 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एस ब्रिक्स) हेतु कर पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एस ब्रिक्स) के लिए भू-परिवर्तित करने एवं पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा हो तो अपना आपत्ति/ दावा पेशी दिनांक 12/10/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/09/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के न्यायालय में मामला क्रमांक 202009211100011/-
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2019-20
पटपर प.ह.नं. 00039 (94/8(0.1212 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - जयराम दास,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयरामदास पिता पूरनमल निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पटपर प.ह.नं. 39 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 94/8 रकबा 0.1212 हेक्टेयर अर्थात 2200 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्ननिर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 12/10/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/09/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

■ न्यूज गैलरी

हाईवा की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत

रायपुर। तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की उपचार के लिये अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज की गई है। दोंदेकला विधानसभा निवासी शत्रुघन बघेल पिता गणेश बघेल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का छोटा भाई दयाल बघेल 18 वर्ष पिता गणेश बघेल को 6 अक्टूबर को तेज रफ्तार हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 8226 का चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते उसके सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी।

कमरे में रखा सोने का हार व झुमका पार

रायपुर। कमरे में रखा सोने का हार व झुमका किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज की गई है। ग्राम कलई आरंग निवासी देवलाल लोधी 75 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का लडका शैलेंद्र लोधी 6 अक्टूबर का राजमिस्त्री का काम करने आरंग गया हुआ था । घर में प्रार्थी अपनी पत्नी के साथ था ,करीब 11:30 बजे बहू सियाबाई लोधी नहाने गई थी उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति ने शैलेन्द के बारे में पुछने पर घर पर नही है बताया। बहू सियाबाई नहाकर वापस आई तब कमरे में देखी तो सामान बिखरा था। पत्थर के रैक पर रखा साडी बिखरा हुआ हैं तथा साडी के नीचे में रखे सोने का हार तथा झुमका कीमत 25,000 रुपयें तथा झुमका कीमती 10,000 रुपयें कुल 35 हजार रुपयें को किसी ने घर में प्रवेश कर चोरी कर लिया है।

आटो में बैठे व्यक्ति का मोबाईल पार

रायपुर। ऑटों रिक्सा में बैठे सवारी की किसी ने पाकेटमारी कर मोबाईल चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज की गई है। अयप्पा मंदिर के पास , सन्यासीपारा निवासी देवेन्द्र वर्मा 21 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 06 अक्टूबर को दोपहर में व्यक्तिगत कार्य से संतोषी नगर गया था वहा से आटो में बैठकर शास्त्री चौक आया। शास्त्री चौक चांवला पेट्रोल पंप के पास से लगभग दोपहर 3.00 बजे अपने घर खमतराई जाने के लिये दूसरे आटो में बैठा उस आटो में पहले से दो पुरूष बैठे हुये थे। आटो ड्रायवर ने मुझे सामने बैठने के लिये बोलने पर ड्रायवर के बगल सीट में बैठ गया थोडी दूर चलने पर आटो ड्रायवर अपने आटो को रोककर आटो को ठीक करने के बहाने मुझसे टिककर ब्रेक को ठोकने लगा तथा व कुछ देर बाद खमतराई नही जाउंगा। कहकर रास्तें में उतार दिया।

मरवाही में चुनाव, राजधानी में सियासी दल तमतमाए...

कांग्रेस ने हाथरस तो बीजेपी ने वादा खिलाफी के लिए दिया धरना, किया प्रदर्शन

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मरवाही विधानसभा में उपचुनाव के मद्देनजर कांग्रेस, भाजपा और छजकां में जोरआजमाइश शुरु है। नतीजतन भाजपा को कांग्रेस की सत्तारूढ़ पार्टी के शासन व्दारा किसानों के लिए किए गए वादों को याद दिलाने के लिए राजधानी समेत आज प्रदेश के हर ब्लॉक मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसी तरह बीजेपी को आईना दिखाने के लिए कांग्रेस ने हाथरस दुष्कर्म मामले को लेकर धरना दिया। राजधानी में धरना देने के बाद कांग्रेसी नेता राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम लिखा ज्ञापन सौंपने भी गए। इसी तरह जोगी परिवार जाति मामले में छजकां भी कमर कस चुकी है। कुलमिलाकर मरवाही उपचुनाव में उतरने से पहले हर दावेदार पार्टियों ने एक दूसरे पर तोहमत लगाते हुए राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में आंदोलन की आड़ में हमला, हल्ला और मुद्दा उठाया।

कांग्रेस की मांग, पीएम मोदी, योगी सरकार को बर्खास्त करें राष्ट्रपति

■ प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को ज्ञापन

हाथरस गैंगरेप के मामले को लेकर आज कांग्रेसियों ने प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने राजीव भवन कांग्रेस मुख्यालय में एक सभा की गई इसके बाद कांग्रेसी राजभवन के लिए पैदल मार्च निकले मंत्री शिवकुमार डहरिया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में कांग्रेसी राजभवन पहुंचे। मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा कि योगी और मोदी सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर लड़ाई लड़ेगी। राज्यपाल से मिलकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर हमने हाथरस मामले में कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की गईं तो वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस नहीं बीजेपी राजनीति कर रही है। बीजेपी शासित राज्यों में बहुत ही बुरी स्थिति है। यूपी में योगी सरकार बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम रही है ऐसी सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अगर कहीं कोई घटना हुई है तो हमारी सरकार ने तत्काल कार्रवाई की है. बीजेपी सरकार की तरह दोषियों को बचाने का काम कांग्रेस सरकार नहीं करती हैं। कांग्रेस सरकार में न्याय पाने के लिए किसी को भटकना नहीं पड़ता छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था कायम है।

कांग्रेस की वादा खिलाफी पर भाजपा नेताओं का प्रदेशव्यापी धरना

■ ट्रैक्टर में बैठकर पहुंचे साय, रायपुर व बिल्हा में प्रदर्शन

प्रदेश सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी का राज्य में विरोध प्रदर्शन किया गया। रायपुर रायपुर में जहां प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ट्रैक्टर में सवार होकर धरना स्थल बुढ़ातालाब पहुंचे वहीं बिल्हा में विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। दोनों जगहों पर नेताओं ने सरकार किसानों की धान खरीदी एक नवंबर से शुरु करने और दो साल का बोनस देने के साथ अन्य मांगों को जल्द पूरा करने की मांग कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने इसे घडियाली आंसू बहाना बता रहे है। छत्तीसगढ़ में किसानों की मांगों को लेकर भाजपा का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है।

राजधानी रायपुर में ट्रैक्टर पर सवार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय बुढ़ातालाब पहुंचे और कहा कि सरकार किसानों की धान खरीदी 1 नवंबर से शुरु और दो साल का बोनस दें तथा जो बची हुई मांगे उसे जल्द ही पूरा करें। वहीं बिल्हा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कमान सम्हालते हुए कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरा उन्होंने कहा कि किसानों से बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन अब पूरा करने से बच रहे हैं। अगर मांग पूरा ही नहीं करना था वादा क्यों किए।

बुढ़ाताब धरना स्थल में इस दौरान रायपुर सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री और विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, पूर्व विधायक नंदे साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने फर्जी जाति प्रमाण पत्रों की जांच के लिये राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने फर्जी जाति प्रमाण पत्रों की समुचित जांच के लिये राज्यपाल को ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि हम सब छत्तीसगढ़ के आरक्षित वर्ग के विधायकगण आपसे सादर अनुरोध करना चाहते है कि मरवाही विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। किंतु फर्जी जाति प्रमाण के आधार पर पूर्व में स्व. अजीत जोगी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये आरक्षित सीट मरवाही विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे थे। स्व. जोगी के जाति प्रमाण पत्र को हाई पावर कमेटी द्वारा दिनांक 23.08.2019 को निरस्त किया गया है। उपरोक्त परिस्थितियों में स्व. अजीत जोगी के जाति संबधी प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में लंबित होने के कारण उनके पुत्र अमित जोगी एवं उनके परिवार के किसी भी सदस्य को अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य नहीं माना जा सकता है। स्व. अजीत जोगी के द्वारा उपरोक्त प्रमाण पत्र निरस्तीकरण के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में याचिका में लंबित है ओर वह रद्ध हो चुका है क्योकि जोगी की मृत्यु हो चुकी है। महोदय उपरोक्त जोगी परिवार प्रारंभ से ही छ.ग. की जनता को गलत प्रमाण पत्र एवं झूठे तथ्यों के आधार पर अपने आप को आदिवासी बताते हुए छलावा करते रहे है। अब वर्तमान में उनका पुत्र भी उसी राह में अग्रसर है।

माघव राव सप्रे शाला का डेढ़ करोड़ में होगा जीर्णोद्धार

■ निगम मैदान का उन्नयन 89 लाख में करने का कार्य किया महापौर एजाज ढेबर ने, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक कुलदीप जुनेजा, विधायक विकास उपाध्याय भूमिपूजन कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर के सतत सकारात्मक प्रयासों के सुफ्ल स्वरूप छत्तीसगढ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय प्रषासन एवं विकास मंत्री डॉ. षिव कुमार डहरिया की लोककल्याणकारी मंषा के अनुरूप नगर पालिक निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा राजधानी शहर की ऐतिहासिक माघव राव सप्रे शाला के जीर्णोद्धार का कार्य डेढ़ करोड़ रू. की स्वीकृत लागत से एवं निगम मैदान उन्नयन का कार्य 89 लाख रू. की स्वीकृत लागत से शीघ्र किया जायेगा।

महापौर ढेबर ने रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, उत्तर विधायक एवं छ.ग. हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, रायपुर पष्चिम विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, नगर निगम खेल एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल सहित गणमान्यजनों, नगर निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों की उपस्थिति में श्रीफ्ल फोडकर एवं कुदाल चलाकर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य प्रारंभ करवाया। महापौर ने माघव राव सप्रे शाला के जीर्णोद्धार कार्य एवं निगम मैदान के उन्नयन का कार्य स्वीकृति अनुसार तत्काल प्रारंभ करवाकर तय समय सीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग कर जनहित में जनसुविधा हेतु प्राथमिकता के आधार पर उच्च स्तरीय गुणवत्ता के साथ पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने के निर्देष ग्रामीण विधायक श्री शर्मा, उत्तर विधायक श्री जुनेजा, पष्चिम विधायक श्री उपाध्याय, एमआईसी सदस्य श्री अग्रवाल सहित संबंधित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं नगर निगम रायपुर के अधिकारियों को दिये। महापौर एजाज ढेबर एवं निगम खेल एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि माघव राव सप्रे शाला के जीर्णोद्धार का कार्य डेढ करोड की स्वीकृत परियोजना लागत से कराया जायेगा।

कोरोना काल में आरपीएफ के अफसर-कर्मियों ने ऐसे उठाया जोखिम

मुसाफिरों की हिफाजत करते 146 अफसर हुए संक्रमित, 3 शहीद

■ 119 अफसर-जवान फिर लौटे ड्यूटी पर, 24 अब भी ईलाजरत

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा का बखूबी ख्याल रख रही रेलवे सुरक्षा बल ने कोरोना संक्रमण काल में भी अपनी महती भूमिका अदा की है। अपने कर्तव्यों को निभाते हुए मुसाफिरों और उनके सफर को तो पूरी तरह हिफाजत से पूरा करवाया, लेकिन इस दौरान आरपीएफ के कुल 146 कुशल अफसर-जवान संक्रमित हो गए। इसके बावजदू उन्हों ने धैर्य रखा और दायित्वों का निर्वाह करते रहे। दुखद यह रहा कि कोरोना संक्रमण के शिकार हुए आरपीएफ के 3 काबिल अफसर-जवान शहादत को हासिल किए। शहीदों में प्रधान आरक्षक आरपीएफ अनूपपुर एनआर पोर्ते, सहायक उपनिरीक्षक शहडोल आरपीएफ केडी प्रसाद और निरीक्षक गुप्तचर शाखा बिलासपुर पीएल विश्वकर्मा शहीद हो गए। प्रभावितों में से 119 अधिकारी व जवान ठीक होकर कार्य कर रहे है तथा 24 अधिकारी व जवान ईलाजरत है ।

कोरोना महामारी में अभी तक 353 श्रमिक गाडियों को द.पू.मध्य रेलवे से समय पर व सुरक्षित पास करवाया गया। श्रमिक स्पेशल गाडियों में रेल प्रशासन के द्वारा खाना व पानी के वितरण में पूर्ण सहयोग किया गया। रेलवे ट्रैक व रेल लाईन के किनारे चलने वाले 307 प्रवासी मजदूरों को उनकी बेहतरी के लिए शीघ्र गन्तव्य तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन को सुपुर्द किया गया । इसी प्रकार मालगाडी के वैगन में यात्रा कर रहे 25 व्यक्तियों को उनके गन्तव्य तक सही सलामत पहुंचाने के लिए सुपुर्द किया गया। सामाजिक रूप से पिछड़े 78230 लोगों को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा एनजीओ व अन्य रेलवे विभाग के साथ मिलकर भोजन उपलब्ध करवाया गया। यात्री गाडियों के साथ साथ फूडग्रेन व पार्सल गाडियों के सुरक्षित पास कराने हेतु इन गाडियों में रेलवे सुरक्षा बल अनुरक्षण दल की तैनाती की गयी। इसी दौरान 45 बच्चों को गाडी एवं प्लेटफार्म में लावारिस रूप से घूमते पाकर उनके परिजन/एनजीओ को सुपुर्द किया गया। कोरोना काल में यात्रा के दौरान गाडियों तथा प्लेटफार्म पर यात्रियों द्वारा भूलवश छूटे 56 यात्री सामानों मोबाईल, बैग ईत्यादि को सही सलामत यात्रियों को सुपुर्द किया गया। कोरोना महामारी में यात्रियों को टिकट आसानी से मिल सके इसके लिए टिकट दलालों पर विशेषकर ई-टिकट दलालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया गया जिसके दौरान 49 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया ।

जादू-टोने के चक्कर में उल्लू पर ढहाया ऐसा जुर्म

■ वन्य प्रेमियों, पत्रकार और चिकित्सकों ने दी नई जिंदगी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अंधविश्वास लोगों के दिलों में कितना घर कर गया है यह इस खबर से जाहिर होता है। जादू-टोना और चमत्कार जैसे अपने निज स्वार्थ के लिए फिर इंसान वन्य प्राणियों पर भी तशद्दूत करने से नहीं चूकता। ऐसा ही एक वाक्या राजधानी रायपुर के प्रेस क्लब के करीब हुआ। चंद अंधविश्वासियों ने मोतीबाग के पास ही वन्य जीव संरक्षण के दायरे में आने वाले संरक्षित उल्लू को पकड़कर बड़ी ही बेरहमी से उसके पैरों के नखूनों को काट लिए थे। इंसानी जुल्म का शिकार पक्षी को वे और प्रताड़ित करते उससे पहले ही पत्रकार और वन्य प्रेमी संतोष साहू की नजर पड़ गई। वे फौरन उल्लू की जान के दुश्मन बने लड़कों को पकरड़कर उनसे बचाया। पत्राकर ने घायल उल्लू को अपने घर लाया और उसकी तिमारदारी की। फिर नोवा नेचर के सदस्य मोईज अहमद को बुलाया और दोनों के प्रयासों से नंदन वन के गिरिश रजक से संपर्क किया गया। अच्छी देखभाल की वजह से पक्षी की हालत सुधरी तब पत्राकर संतोष साहू ने उसे नंदनवन के जिम्मेदार गिरिश रजक को सौंप दिया ताकि उसकी उचित देखभाल के बाद उसे फिर से उसके प्राकृतिक रहवास में छोड़ा जा सके। श्री साहू ने अपील की है कि हम सभी अपने आसपास घायल, पीड़ित या फिर ऐसे ही अंधविश्वास के शिकार वन्य जीवों की रक्षा महज जरा सी समझदारी से कर सकते हैं।

संपादकीय

त्यौहारों के दौरान सावधानी जरूरी

कोरोना काल के साए में त्यौहारों का सीजन आ रहा है ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है। केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय ने त्यौहारों के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों को लेकर मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी की है। इसके मुताबिक कंटेनमेंट जोन में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। एसओपी के अनुसार कंटेनमेंट जोन में रहने वाले लोगों को बाहर निकलने की जगह अपने निवास स्थान पर ही त्यौहार मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय का मानना है कि त्यौहारों के दौरान धार्मिक आयोजनों में भीड़ बढ़ने से कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा बढ़ जाएगा इसलिए सुरक्षा नियमों का पालन अतिआवश्यक है। जारी दिशा निर्देशों के अनुसार धार्मिक कार्यक्रमों के लिए विस्तृत स्थान होना चाहिए और सामाजिक दूरी सुनिश्चित की जानी चाहिए, मूर्तियों और पवित्र ग्रंथों को स्पर्श नहीं किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि नवरात्रि दशहरा दीपावली और छट पूजा जैसे अनेक बड़े धार्मिक कार्यक्रम शुरू होने वाले है। इस दौरान धार्मिक पूजा मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है जिसपर अब कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई है। ऐसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेने वालों के लिए मास्क का उपयोग अनिवार्य किया गया है और लोगों की संख्या भी सुनिश्चित कर दी गई है। थर्मल स्क्रीनिंग पर भी जोर दिया गया है और इन नियमों के पालन की निगरानी के लिए क्लोज सर्किट कैमरे का इस्तेमाल भी अनिवार्य किया गया है। निश्चित रूप से केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय ने त्यौहारों के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए सही कदम उठाया है। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वह त्यौहारी सीजन में केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित कराएं। उल्लेखनीय है कि भारत में कोरोना का कहर बदस्तूर जारी है और आने वाले ठंड के मौसम में कोरोना वायरस का संक्रमण और फैलने की संभावना बनी हुई है इसलिए यह आवश्यक है कि इस साल सभी त्यौहार सावधानी और सादगी के साथ मनाएं जाएं।

विचार

बिहार: सत्ता ब्रह्म है, गठबंधन मिथ्या

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

बिहार के चुनाव के बाद किसकी सरकार बनेगी, कहा नहीं जा सकता। यदि दो प्रमुख गठबंधन सही-सलामत रहते तो उनमें से किसी एक की सरकार बन सकती थी। एक तो नीतीशकुमार का और दूसरा लालूप्रसाद का। लेकिन बिहार में अब चार गठबंधन बन गए हैं। नीतीशकुमार के गठबंधन में जदयू और भाजपा हैं और लालू के गठबंधन में उनका राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां हैं। लालू के बेटे तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़े जा रहे इस चुनाव में उनका दावा है कि वे सरकार बनाएंगे, क्योंकि चार बार के मुख्यमंत्री नीतीश से अब बिहार की जनता ऊब चुकी है, उन्होंने वादे तो बड़े-बड़े किए लेकिन उन पर अमल नहीं किया, कोरोना की तालाबंदी के दौरान नीतीश का रवैया बहुत ही लापरवाही का रहा और लालू परिवार को दी जा रही सजा का भी जनता पर उल्टा असर हो रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार की कई नीतियों, जैसे नोटबंदी, तालाबंदी, जीएसटी, कृषि-कानून, हाथरस कांड आदि ने आम जनता को इतना त्रस्त किया है कि उसका असर भी बिहार के चुनाव में दिखेगा। राजद का सबसे बड़ा तर्क यह है कि नीतीश का कुछ भरोसा नहीं। वे कब किससे हाथ मिला लें। उन्होंने 2013 में भाजपा से रिश्ता तोड़ा, राजद से हाथ मिलाकर 2015 का चुनाव लड़ा और फिर वे भाजपा की गोद में जा बैठे। राजद के इन तर्कों के विरुद्ध सबसे तगड़ी लोहे की दीवार अगर कोई है तो वह नरेंद्र मोदी की छवि है। भाजपा को भरोसा है कि वह अपनी सीटें मोदी के नाम पर जीतेंगे। बिहार की जनता भाजपा को इतनी सीटें जिताएगी कि भाजपा ही सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। जाहिर है कि फिर मुख्यमंत्री भी उसका ही बनेगा लेकिन वह अभी इस तरह का कोई दावा नहीं कर रही है। चुनाव-परिणाम आने के बाद ये गठबंधन क्या-क्या रुप ले सकते हैं, यह भी अभी नहीं कहा जा सकता। कौन पार्टी किससे अलग होकर अन्य किससे मिल जाएगी, कुछ पता नहीं। अभी रामविलास पासवान की लोजपा नीतीश का विरोध कर रही है लेकिन भाजपा का समर्थन कर रही है। उसने अपने आपको छुट्टा रखा हुआ है। चुनाव के बाद जिसका पलड़ा भारी हुआ, वह उसी में बैठ जाएगी। बिहार में या भारत में कहीं भी कांग्रेस और भाजपा आपस में गठजोड़ नहीं बना सकते। बाकी कोई भी पार्टी मौके के मुताबिक अपना भविष्य तय करेगी, क्योंकि इन पार्टियों के लिए सत्ता ही ब्रह्म है, गठबंधन तो मिथ्या हैं।

टेक ज्ञान- जीमेल के लोगो से इनवेलप गायब

नई दिल्ली। गूगल ने ईमेल सर्विस जीमेल के लोगो में बड़ा बदलाव किया है और इसमें दिख रहे आइकॉनिक इनवेलप को हटा दिया है। अब जीमेल यूजर को जीमेल के लोगो में सिर्फरूशब्द दिखेगा, जो कि रेड, ब्लू, ग्रीन और येलो जैसे ट्रेडमार्क कलर में है। जल्द ही नए अपडेट्स् के साथ जीमेल लोगो नए अवतार में आपके सामने होगा।

व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करतीं सामुदायिक संस्थाएं

स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार के लिए कार्यरत् डीएवाई-एनआरएलएम

डॉ. वसुधा शुक्ला

लेखक डॉ. वसुधा शुक्ला भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के डीएवाई-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक के रूप में काम करती हैं।

> पोषण माह जैसे कार्यक्रम संबंधित विभागों और अग्रिम पंक्ति के अधिकारियों के बीच बेहतर सहयोग और समन्वय स्थापित करने का एक अच्छा अवसर हैं। हालांकि वांछित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के बीच सहयोग और समन्वय के लिए तेजी बनाए रखने और निरंतर तंत्र के निर्माण की जरूरत है। यह मौजूदा कोविड-19 महामारी के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयासों के साथ-साथ सेवा वितरण और प्रतिरक्षा के निर्माण, पौष्टिक आहार, कोविड-19 के निवारक उपायों को अपनाने और कोविड-19 से संक्रमित होने से बचने के लिए स्वास्थ संबंधी व्यवहार को बढ़ावा देने और इसके प्रतिकूल प्रभावों को कम करने जैसे प्रासंगिक मुद्दों को बढ़ावा देने की मांग करता है। राष्ट्रीय मिशन के सामर्थ्य यानी सामाजिक पूंजी के दम पर मई और जून 2020 के दौरान कोविड-19 के निवारक उपायों पर राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण आयोजित किए गए थे, जिसमें स्टाफऔर सामुदायिक कैडर भी शामिल थे।

डीएवाई-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) सामुदायिक संस्थाओं के संवर्धन और सतत आजीविका माध्यमों के विकास के जरिए ग्रामीण गरीबी उन्मूलन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है। जुलाई 2020 तक करीब 7 करोड़ परिवारों को राष्ट्रीय मिशन के तहत 63 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जोड़ा गया है। सामुदायिक संस्थाएं पोषण अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, ग्राम पंचायत विकास योजना आदि जैसी आजीविका और अन्य सामूहिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इसके अलावा कोविड-19 महामारी के दौरान सामुदायिक संस्थानों ने मास्क, सैनिटाइजर का उत्पादन, कोविड-19 के निवारक उपायों को लेकर जागरूकता पैदा करने, सामुदायिक रसोई चलाने जैसी तमाम गतिविधियां कर प्रभावी ढंग से काम किया है। यह इन सामुदायिक संस्थानों की अपार क्षमता और उभरती जरूरतों पर प्रतिक्रिया देने के सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है।

समुदाय के समग्र विकास के उद्देश्य से, राष्ट्रीय मिशन सामाजिक समावेश और सामाजिक विकास के एजेंडे पर ध्यान देने के साथ-साथ गांव के गरीब परिवारों के गरीबी उन्मूलन की दिशा में काम कर रहा है। स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार के लिए दोनों पोषण केंद्रित और भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और डब्लूएएसएच से संबंधित मुद्दों से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों पर ध्यान दिया जा रहा है। फिलहाल, यह सरकार की ओर से जोर देने वाली सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक है, जो पोषण अभियान, फिट इंडिया अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, जल शक्ति आदि जैसे पहलों से भी स्पष्ट होता है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए समुदाय का सर्वोत्तम स्वास्थ्य और पोषण महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय मिशन का अप्रोच सामुदायिक संस्थानों को मजबूत करने के लिए अच्छे स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति के महत्व

को समझने, उनके अधिकारों का उपयोग और गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण पर है। अनुशंसित स्वास्थ्य और पोषण प्रथाओं को अपनाने के लिए मिशन व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके लिए प्रमुख व्यवहारों पर जागरूकता और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की मांग के सृजन, सामुदायिक संस्थानों की क्षमता बढ़ाने, सेवाओं तक बेहतर पहुंच और डीएवाई-एनआरएलएम के तहत उद्यमों की स्थापना कर एसएचजी सदस्यों द्वारा उत्पादित सस्ते सैनिटरी नैपकीन, पौष्टिक स्नैक्स आदि जैसे उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संबंधित विभागों के साथ सहयोग किया जा रहा है।

विश्व बैंक, बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन और यूनिसेफके सहयोग से राज्य मिशनों जैसे बिहार (जीविका), छत्तीसगढ़ (बिहान), ओडिशा (ओडिशा आजीविका मिशन), महाराष्ट्र (उमेद), आंध्र प्रदेश आदि ने सामुदायिक संस्थानों में स्वास्थ्य और पोषण हस्तक्षेपों का एकीकरण शुरू किया है और कार्यान्वयन के अनुभव से उत्साहजनक परिणाम और सीख मिली है। सीखने से अधिकतम लाभ लेने के लिए राष्ट्रीय मिशन ने अन्य राज्य मिशनों को प्रोत्साहित करना शुरू किया है जिससे वे राज्य के विशिष्ट मुद्दों और प्राथमिकताओं के अनुकूल हस्तक्षेप शुरू कर सकें। जन आंदोलन, पोषण अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों तक महत्वपूर्ण संदेशों के प्रसार में सहयोग के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय महिला और बाल विकास मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। ऐसा समझा गया है कि स्वयं सहायता समूह के लगभग 7 करोड़ सदस्य संदेशों को अपने घरों और समुदाय के अन्य सदस्यों को आगे बढ़ाएंगे। राज्य मिशनों में पोषण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में मंत्रालय भाग ले रहा है। पिछले साल पोषण माह के दौरान मिशन ने 11.39 लाख गतिविधियां आयोजित कीं, जिसमें 16.39 करोड़ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस साल भी राज्य मिशनों में पोषण माह आयोजित किया जा रहा है और स्तनपान, पूरक आहार, गंभीर कुपोषण वाले बच्चों की जल्द पहचान के महत्व और पोषण उद्यान को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया है। राज्य मिशनों को सलाह दी गई है कि वे पोषण माह के दौरान गतिविधियों का संचालन करते समय कोविड-19 के प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करें। राज्य मिशनों से प्राप्त शुरुआती जानकारी के अनुसार, समूह बैठकों में तय विषयों पर चर्चा, स्थानीय खाद्य पदार्थों से बने पौष्टिक व्यंजनों पर प्रतियोगिताएं, पोषण रंगोली, पोषण उद्यान को बढ़ावा देने, आशा और आंगनवाड़ी आदि के साथ समन्वय कर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

राष्ट्रीय मिशन के तहत राष्ट्रीय मिशन प्रबंधन यूनिट के द्वारा ब्लॉक स्तर पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें तकनीकी एजेंसियों जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, बिल और मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग वाली टीआरआईएफ और प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल और यूनिसेफके सहयोग से रोशनी सेंटर के साथ लेडी इरविन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय का भी सहयोग रहा। आगे एसएचजी और सामुदायिक स्तर पर कैस्केड मोड में प्रशिक्षण प्रदान किए गए। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से मिशन के कर्मचारियों के साथ-साथ एसएचजी और समुदाय के 5 करोड़ से अधिक सदस्यों को कवर किया गया। विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों द्वारा साझा लक्ष्य पोषण अभियान के तहत पोषण माह जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्थिति की प्राप्ति है। यह कई पहलों को एक साथ संचालित करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें अंतर-विभागीय/एजेंसियों में सहयोग और अंग्रिम पंक्ति के अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सकता है। कई विभागों और एजेंसियों के बीच सामंजस्यपूर्ण प्रयासों के माध्यम से बहु क्षेत्रीय स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित समस्याओं को सुलझाने में इससे मदद मिलेगी।

बांग्लादेश ने भारत और चीन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की

आशीष विश्वास

> गौरतलब है कि चीन ने रोहिंग्याओं के खिलाफकी गई कार्रवाई के लिए म्यांमार की सार्वजनिक रूप से कभी निंदा नहीं की है। हालांकि, इसने म्यांमार और बांग्लादेश के बीच ईमानदार भूमिका निभाने की पेशकश की है। भारत ने भी म्यांमार से बांग्लादेश से रोहिंग्याओं की वापसी में तेजी लाने का आग्रह किया है। पश्चिमी देशों की तरह, यहां तक कि मानवाधिकारों के उल्लंघन में म्यांमार के रिकॉर्ड की कड़ी निंदा करने वालों ने भी न तो कुल प्रतिबंधों की घोषणा की और न ही राजनयिक संबंधों को तोड़ा। इसलिए उनकी नीति कुशलतापूर्वक बांग्लादेश के लिए कुछ समर्थन और सहानुभूति को संतुलित करना है, लेकिन संसाधन संपन्न म्यांमार को अलग करने से नहीं। ऐसे मामलों पर बांग्लादेशी धारणाओं को बदलने का कार्यकाल अपने जनसंचार माध्यमों में बोधगम्य है।

भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा गतिरोध उम्मीद से ज्यादा लंबा चल सकता है। विदेश सचिव श्री हर्षवर्धन श्रृंगला द्वारा की गई ढाका की हालिया यात्रा एक अच्छा प्रतीकात्मक संकेत थी, लेकिन दो मुद्दों पर बहुत कम आंदोलन हुआ है। भारत को 2012 से लंबित तीस्ता नदी जल बंटवारे के प्रस्ताव पर अपने रुख की घोषणा करना बाकी है। अब चीन ने बांग्लादेश के उत्तरी जिलों में 300 मिलियन डॉलर की परियोजना की पेशकश की है, ताकि शुष्क मौसम के दौरान स्थानीय पानी की जरूरतों और संबंधित समस्याओं का ध्यान रखा जा सके। भारत और म्यांमार के बीच दिल्ली में हाल ही में विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान 860,000 से अधिक की संख्या में, वर्तमान में, बांग्लादेश में रोहिंग्या घुसपैठ पर कोई विशेष प्रयास नहीं किए गए थे।

भारत द्वारा बर्मा के अधिकारियों से एक सरसरी निवेदन करने से फंसे रोहिंग्याओं की बांग्लादेश से वापसी में मदद मिलेगी। जल बंटवारे के मुद्दे को बातचीत के माध्यम से हल किया जाएगा, विशेष रूप से चीन के ठोस प्रस्ताव के बाद। ऐसा नहीं है कि भारत ने बांग्लादेश के साथ अच्छे द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने और समेकित करने के लिए वर्षों में कड़ी मेहनत नहीं की है। कोरोना महामारी के दौरान भी बांग्लादेश में चल रही इन्फ्रा से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं को गति देने के लिए वह कदम उठा रहा है। 2017 में 17 परियोजनाओं के लिए भारतीय सहायता को शामिल करते हुए अत्यधिक अनुकूल शर्तों पर बांग्लादेश के लिए 4.5 बिलियन डॉलर की घोषणा की गई थी। इसके अलावा, अंबानी और अदानी 4600 मेगावाट के दैनिक उत्पादन को लक्षित करने वाले दो बिजली संयंत्रों का निर्माण करने के लिए 5.5 डॉलर बिलियन खर्च करने वाले हैं। भारत के लिए पारगमन अधिकारों के क्रमिक कार्यान्वयन और अंतर्देशीय जल परिवहन सेवाओं की शुरूआत के बाद बांग्लादेश वर्तमान में लेवी और शुल्क के माध्यम से पर्याप्त राशि कमाता है। अपने स्वयं के बुनियादी ढांचे के क्षेत्र को

मजबूत किया गया है, नई स्थायी संपत्ति जैसे गोदामों व डिपो और अन्य सुविधाओं का निर्माण किया गया है, न कि नई नौकरियों के निर्माण का उल्लेख करने के लिए। भारत ने भी बहुत कुछ हासिल किया है। कोलकाता और अगरतला के बीच सड़क मार्ग से औसत यात्रा समय पहले के 60 घंटों से घटाकर अब लगभग 36 घंटे हो गया है, ईंधन की लागत के संदर्भ में बचत का उल्लेख करने की जरूरत नहीं। बांग्लादेश अब उत्तर भारत, नेपाल और भूटान तक निर्बाध रूप से पहुंच सकता है क्योंकि बीबीएन कनेक्टिविटी योजना के प्रावधानों के कारण ट्रक और अन्य वाहन भारतीय क्षेत्र के माध्यम से कार्गो व पर्यटकों को स्थानांतरित कर सकते हैं। महत्वाकांक्षी लुकएस्ट पहल को आंशिक रूप से हासिल किया गया है और भविष्य के आर्थिक व औद्योगिक सहयोग के लिए एक दृढ़ नींव रखी गई है। दोनों देशों के बीच विकास की थॉस घटना बांग्लादेश में भारत की सबसे भरोसेमंद संपत्ति के रूप में काम करती है। अब तक प्राप्त प्रगति कई बार धीमी रही है, लेकिन परिणाम स्थायी महत्व का रहा है। इंफ्रा परियोजनाओं के आर्थिक लाभ नाटकीय रहे हैं। यहां तक कि पारंपरिक रूप से भारत से नफरत करने वाली इस्लामी चरमपंथी लॉबी भी भारत के साथ अच्छे संबंधों के महत्व को अस्वीकार नहीं कर सकती है, और न ही बांग्लादेश के लिए विकास की सुविधा के रूप में उसकी भूमिका पर सवाल उठा सकती है। ढाका स्थित उद्यमी अब विजाग और चेन्नई जैसे भारतीय बंदरगाहों तक पहुंच बढ़ा रहे हैं। व्यापार और उद्योग के क्षेत्र भारत के राष्ट्रीय जल मार्ग नंबर 1 के उपयोग पर विचार कर रहे हैं, हल्दिया को वाराणसी के साथ जोड़ते हुए, बड़े उत्तर भारतीय आर्थिक हृदयभूमि को लक्षित करते हैं।

भारत इस तरह के रुझानों से संतुष्टि की भावना का हकदार है, जिसने बांग्लादेश में इस्लामी चरमपंथियों और उनके राजनीतिक व सामाजिक मुखपत्रों के भारत विरोधी अभियान को प्रभावी ढंग से परिभाषित किया है। ऐसे संकेत भी हैं कि बांग्लादेश के अन्य देशों में, विशेष रूप से भारत के प्रति इतना दोस्ताना नहीं जितना चीन, पाकिस्तान और तुर्की है। उदाहरण के लिए बांग्लादेश को हाल के समय में चीन और पाकिस्तान से बेहतर संबंध बनाते देखा गया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चांद जब आसमाँ में

चांद जब आसमाँ में चलता है, तुम्हारा दूर रहना खलता है! कहो तो रख दूँ तेरे शानों पर, दर्द जो दिल में मेरे पलता है! उतर रहा हो कर्ज साँसों का, वक्त क्यों इस तरह से ढलता है! सियासी आँच जब भी तेज हुई, इंसान लकड़ियों सा जलता है! कहाँ ले जाएँ हम शिकायत अपनी, वो बनकर दोस्त मुझको छलता है! - **कल्याणी कबीर**

खास पाती | कह रहा दिल प्यार होना

कह रहा दिल प्यार होना चाहिए। शब सुहानी सच सलोना चाहिए। हम तरसते रह गये दीदार को गम ए उल्फ़त छोड़ सोना चाहिए। लूट कर इज़्ज़त दरिंदे बचते फिरे वहशियों पर वार होना चाहिए। मैल है पैसा हकीकत ही यही बस सुकूँ ,रोटी,बिछौना चाहिए। पीर दुनियाँ की सहन कर लेंगे हम फिर सलामत प्यार होना चाहिये। यूँ गुलाबी ख्वाब आँखों में रहे आस को पथ पर सजोना चाहिए।

- वंदना भटनागर

आजकल के दौर में स्याही ?

आजकल के दौर में स्याही ? कम्प्यूटर और लैपटॉप के जमाने से पहले बाल पेन चला करते थे अब जब बाल पेन का काम भी कुछ हद तक कम हो गया तब यह बाबा आदम के जमाने की स्याही से पुत जाना या फिर रंग जाना कहीं प्रायोजित कार्यक्रम तो नहीं होता ? ध्यान दें कि काले झंडे दिखाने और नारे लगाना आज कल आसान है स्याही से अपने कपड़े गंदे होने के चलते कोई फैंकने की नहीं सोचता। **- नवीन शंकर शर्मा**

जब मन विचलित होने



जब मन विचलित होने लगे दिल घबराये कुछ भी पसंद न आये किसी काम में मन न लगे हर चीज़ ऊबाउ लगे बेवजह खीज आये नींद आँखों से कोसो दूर हो आँखें नम सी लगने लगें कोई अपना न लगे तो समझ जाईये अब उम्र हो गई है हमें समझौता करना सीख लेना चाहिये।

- रमाजय शर्मा

यूपी? का राजस्थान से राजस्थान

यूपी? का राजस्थान से राजस्थान का बंगाल से ,बंगाल का तेलंगाना से , तुलना करने के बजाय अपने गृह राज्य अपने शहर अपने गांव के नृशंस घटनाओं में मुंह खोलना सीखे, बहरहाल ?से घटनाओं को अपनी राजनैतिक कुंठा तृप्ति का साधन ना बनाए क्योंकि भगवान को मुंह भी दिखाना है ।।।।।?? सुधारो अपना डेरा फिर उधेड़ो दुनिया का बखेड़ा।

- अम्बर दानी

सरकारी विद्यालय के शिक्षक और

सरकारी विद्यालय के शिक्षक और सरकारी कर्मचारी पूरी तनख्वाह ले रहे हैं ..वहीं पब्लिक स्कूल के शिक्षक और निजी क्षेत्र के लोग तनख्वाह के लिए संघर्ष कर रहे.. फिर भी आपको निजी करण चाहिए.. फिर भी आप सरकारी विद्यालयों को खत्म होते देखना चाहते हैं..गलत हो रहा है तो आवाज उठाइए.. पलायन समाधान नहीं। **- मनोज स्वाईन**

सुनो ऋतुराज! तुम जब मुझे



सुनो ऋतुराज! तुम जब मुझे मिलने आवोगे ना न लाना कोई भी फूल नही चाहती हूं मैं हमारे मिलने से कोई भी हो आहत हो भर देना तुम मेरी माँग में चमकिली किरण सूरज की शाम जब उतर आये लेकर थाल चाँदी की सितारे रख देना उस वादे के साथ मेरे आँचल में होगा हर वो तारा गवाह हमारे आनेवाले हर मिलन का। **- सरिता सैल**

कभी-कभी हम या कुछ लोग दूसरों

कभी-कभी हम या कुछ लोग दूसरों को सुधारने और समाज को आइना दिखाने के चक्कर में खुद पर फोकस करना भूल जाते है,,,आत्म विश्लेषण खुद का पहले जरूरी हैं फिर दुसरो को सुधारने का ठेका लेना चाहिए,,,,हर कोई हमारी या आपकी सिर्फ सुनता रहे ये सोचना सरासर बेवकूफी हैं। **- निशा रावल**

खयालों से भी दिल बहला कहां

खयालों से भी दिल बहला कहाँ है। मेरे जैसा कोई तन्हा कहाँ है। तुझी को ढूढ़ती रहती हैं आँखे। बिना तेरे कोई भी सोचा कहाँ है। ज़माना घूम आए तब ये जाना। कोई भी दूसरा तुझसा कहाँ है। यहाँ आकर न जाना चाहे कोई। मगर एसा कभी होता कहाँ है। **- कमलकांत डोंगरे**

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के समय कौन सी पंचवर्षीय योजना लागू थी? (7वीं पंचवर्षीय योजना / 9वीं पंचवर्षीय योजना)

2) छ.ग. में स्वाधीनता आन्दोलन के समय किसने सर्वप्रथम रायपुर जिला परिषद अध्यक्ष बनने के बाद स्कूलों में झंडा फहराना एवं वंदेमातरम् गायन को अनिवार्य कर दिया? (माधवराव सप्रे / ठाकुर प्यारेलाल / पं. रविशंकर शुक्ल)

3) छत्तीसगढ़ में प्रथम विद्युत उत्पादन केन्द्र किस देश के सहयोग से स्थापित हुआ था?

4) छत्तीसगढ़ की रियासतों में एकमात्र प्रथम रियासत कौन सी थी जिसने सर्वप्रथम भारत संघ में प्रवेश की स्वीकृत दी थी?

5) छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय कमेन्टेटर कौन थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 9वीं पंचवर्षीय योजना (2) पं. रविशंकर शुक्ला (3) सोवियत संघ (4) खैरागढ़ (5) जसदेव सिंह

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 8 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है- 1809 - प्रिंस क्लेमेन्स वॉन मेट्रर्टिच ऑस्ट्रियाई साम्राज्य के विदेश मंत्री बने। 1821 - जनरल जोस डे सैन मार्टिन की सरकार ने पेरूवाइ नौसेना स्थापित की। 1856 - ब्रिटेन और चीन के बीच द्वितीय अफीम युद्ध शुरू हुआ। 1860 - एलएंडएसएफके बीच टेलीग्राफलाइन शुरू की गयी। 1932 - भारतीय वायु सेना की स्थापना हुई। तब यह ब्रिटिश राज की सहायक वायु सेना के तौर पर बनाई गई थी। 1936 - हिंदी के प्रसिद्ध कथाकार एवं उपन्यासकार प्रेमचंद का निधन हुआ। 1936 - ब्रिटिश टेलीविज़न प्रोग्राम पिक्चर का पहला एपिसोड प्रसारित किया गया। 1952 - इंग्लैंड में हैरो और वेल्डस्टोन रेल दुर्घटना में 112 लोग मारे गए। 1965 - लंदन में डाकघर टॉवर खोला गया। 1973 - ब्रिटेन का पहला स्वतंत्र रेडियो स्टेशन एलबीसी शुरू हुआ। 1996 - ओटावा में आयोजित सम्मेलन में लगभग 50 देश बारूदी सुरंगों पर विश्वव्यापी प्रतिबंध लगाने पर सहमत हुए। 2000 - वोजोस्लाव कोस्तुनिका यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति बने। 2001 - अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने होमलैंड सुरक्षा कार्यालय की स्थापना की। 2003 - मिस वेनेजुएला गोजेदोर एजुआ ने टोक्यो में आयोजित मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता का खिताब जीता। 2004 - भारतीय गेहूं पर मौनसेंटो का पेटेन्ट रद्द हुआ। 2005 - दक्षिण एशिया में आये भीषण भूकंप ने हज़ारों लोगों की मौत हुयी। 2007 - बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री मोहम्मद नसीम को 13 साल कैद की सजा हुई।

घुड़सवारी का लुल्फ उठा रही है जैकलीन फर्नांडीस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस घुड़सवारी का लुत्फउठा रही है। जैकलीन फर्नांडीस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जैकलीन ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में जैकलीन घुड़सवारी करती नजर आ रही हैं। जैकलीन ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हमारे भविष्य का राज हमारी दिनचर्या में छिपा है। जैकलीन की इन तस्वीरों पर फैन्स खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

अजय देवगन के भाई अनिल देवगन का निधन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता और फिल्मकार अजय देवगन के भाई और निर्देशक अनिल देवगन का निधन हो गया। वह 45 वर्ष के थे।

वर्ष 2020 बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिये काफी खराब साबित हो रहा है। बॉलीवुड के कई सितारों ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। अनिल देवगन का कल रात निधन हो गया। बताया जा रहा है कि हृदयाघात से अनिल देवगन का निधन हो गया है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया के जरिए यह दुखद खबर साझा की है। अजय ने अपने भाई अनिल देवगन की एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। अजय देवगन ने ट्विट कर लिखा, ÷कल रात मैंने अपने भाई अनिल देवगन को खो दिया। उनकी असमय मृत्यु से हमारा पूरा परिवार टूट गया है। एडीएफएफ और मैं उन्हें हमेशा मिस करेंगे।उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ करें। कोविड-19 महामारी के चलते हम लोग प्रार्थना सभा नहीं रख रहे हैं।

पद्मिनी कोल्हापुरे ने जैकी श्रॉफ को लेकर खोला राज

नई दिल्ली। पॉप्युलर टीवी शो द कपिल शर्मा शो पर सेलेब्स अक्सर अपने और दूसरे स्टार्स के राज खोलते हुए नजर आते हैं। अब ऐसा ही एक्टर जैकी श्रॉफका एक राज खुलकर सामने आया है। शो के अपकमिंग एपिसोड में दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरे और पूनम ढिल्लो नजर आएंगी। सोनी टीवी के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर इसका एक प्रोमो वीडियो शेयर किया गया है। वीडियो में दिखता है कि शो के होस्ट कपिल शर्मा पद्मिनी कोल्हापुरी से पूछते हैं- कौन हीरो सबसे ज्यादा फ्लर्ट करता था। इस सवाल के जवाब में पद्मिनी ने जैकी श्रॉफ का नाम लिया। उन्होंने कहा कि जैकी सबके साथ फ्लर्ट करता है। इसके बाद कृष्णा, जैकी श्रॉफ के गेटअप में एंट्री मारते हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में 'तेरा नाम लिया' गाना सुनाई देता है। इसके बाद कृष्णा कहते हैं, 'मुझे लाइफमें सिर्फदो चीजें पसंद हैं एक तीन पत्ती का सेवपुरी और दूसरी फिल्मों में पद्मिनी कोल्हापुरी।' इसके बाद सभी जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

तीनों बच्चों से प्यार करता हूं : सैफ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के छोटे नवाब और अभिनेता सैफअली खान का कहना है कि वह अपने तीनों बच्चों के साथ हैं और सबके लिये उनके दिल में अलग-अलग जगह हैं।

सैफअली खान अपने तीनों बच्चों के साथ खास बॉन्डिंग शेयर करते हैं। सैफअली खान, अपने बच्चे तैमूर के साथ-साथ सारा अली खान और इब्राहिम अली खान को भी काफी टाइम देते हैं। सैफअली खान, घर में आने वाले नन्हें मेहमान के वेलकम की तैयारियों में जुटे हैं। हालांकि, इस बीच खबरें आ रही थीं कि सैफअली खान, अपनी बेटी सारा की ड्रग्स केस को लेकर मदद नहीं कर रहे हैं।

सैफने जवाब दिया और कहा है कि वो हमेशा अपने बच्चों के साथ हैं। सैफने बताया, ÷मैं हमेशा बच्चों के साथ हूं। मैं अपने तीनों बच्चों से प्यार करता हूं। यह सच है कि मैं तैमूर के साथ बहुत समय बिताता हूं, लेकिन मैं अपने बड़े बेटे इब्राहिम और बेटी सारा के साथ लगातार जुड़ा हुआ हूं। मेरे तीनों बच्चों की दिल में अलग-अलग जगह हैं। यदि मैं सारा के साथ किसी बात को लेकर नाराज हूं, तो तैमूर मुझे इसके बारे में अच्छा महसूस नहीं करवा सकता। मुझे लगता है कि मेरे तीन बच्चों में से हर एक को एक अलग तरह के जुड़ाव की आवश्यकता है।

भारतीय टीम ने इस वर्ष बेल्जियम,नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफअच्छा प्रदर्शन किया

सुविधाओं से प्रदर्शन में होता है सुधार : आकाशदीप

बेंगलुरु (वार्ता)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के तेज तर्रार फॉरवर्ड आकाशदीप सिंह ने कहा है कि विश्व स्तरीय सुविधाओं और स्टेडियम से टीम के प्रदर्शन में सुधार आता है। भारतीय टीम पिछले एक साल शानदार लय में दिखाई दी है और टीम ने पिछले वर्ष जून में एफआईएच सीरीज फाइनल्स जीता था और वर्ष के अंत में हुए एफआईएच क्वालीफायर्स के जरिये टोक्यो ओलंपिक में अपना स्थान पक्का कर लिया था। भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग में इस वर्ष विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमें बेल्जियम,नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफभी अच्छा प्रदर्शन किया है।

आकाशदीप ने कहा, ÷हमने पिछले कुछ समय में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और हालांकि यह भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) तथा हॉकी इंडिया की तरफप्रदान किये गए विश्व स्तरीय सुविधाओं के बिना संभव नहीं था। सभी सुविधाओं के साथ अच्छे टर्फके मैदानों पर अभ्यास करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमता को निखारने का मौका मिला है जिसके प्रभाव हाल के वर्षों में टीम के प्रदर्शन में भी दिखा है।

25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ÷पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीम को राजकुमार पाल और विवेक सागर प्रसाद जैसे युवा खिलाड़ियों का साथ मिला है। हमारी टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को शानदार संतुलन हैं जिसका टूर्नामेंट में खासा फायदा मिलता है। मैं युवा चेहरों को मौका देने के लिए हॉकी इंडिया को श्रेय देना चाहूंगा जिन्होंने देशभर से युवा खिलाड़ियों को तराश कर उन्हें अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए खेलना का मौका दिया है।

फॉरवर्ड खिलाड़ी ने अगले वर्ष होने वाले टोक्यो ओलंपिक को लेकर कहा, ÷हमारी टीम ने हाल ही के वर्षों में विश्व की टॉप टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे भरोसा है कि भारत ओलंपिक में पदक जरूर जीतेगा। हमें केवल अपने विकास कार्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जिसके बाद नतीजे अपने आप हमारे पक्ष में आएंगे। हम टोक्यो में इतिहास दर्ज करने के लिए तैयार हैं।

रुपया 13 पैसे मजबूत

मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 13 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 73.33 रुपये का बिका।

पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 73.46 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।

रुपये पर आज आरंभ में दबाव रहा। यह सात पैसे टूटकर 73.53 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कुछ ही देर में 73.55 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। दुनिया की छह अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में मजबूती से रुपया कमजोर हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में दो प्रतिशत की गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौटने से रुपये ने वापसी की तथा कारोबार की समाप्ति से पहले 73.29 रुपये प्रति डॉलर तक चढ़ गया।

एचडीएफसी बैंक और अपोलो हॉस्पिटल्स ने स्वास्थ्य-सेवाओं के लिए हाथ मिलाया

मुंबई। देश में एक अनोखा कदम उठाते हुए एच.डी.एफ़सी. बैंक और अपोलो हॉस्पिटल्स ने हैल्दी लाइफ प्रोग्राम (स्वस्थ जीवन प्रोग्राम) का उद्घाटन करने के लिए एक-दुसरे से हाथ मिलाया। यह प्रोग्राम एक संपूर्ण स्वास्थ्य-सेवा समाधान है जिसका उद्देश्य अपोलो के डिजिटल प्लेटफार्म अपोलो 24x7 पर स्वस्थ जीवन को सब तक पहुंचाना और किफ़ायती बनाना है। यह प्रोग्राम केवल एच.डी.एफ़सी. के उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है जो किसी भी आपातकाल प्रस्थिति में किसी भी समय बिना कोई कीमत अदा किए अपोलो 24x7 पर कॉल करके अपोलो डॉक्टर तक पहुँच सकते हैं। इसके साथ ही इन उपभोक्ताओं को और भी कई लाभ हासिल होंगे जैसे कि सारे अपोलो अस्पतालों में कई तरह के भुगतान विकल्प और इलाज के लिए वित्तीय सुविधाएं। इस प्रोग्राम की शुरुआत डिजिटल रूप में आदित्य पूरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, एच.डी.एफ़सी. बैंक और डॉ. प्रताप सी. रेड्डी, चेयरमैन, अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने श्रीमती शोबना कामिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाईस-चेयरपर्सन, अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप और सशीधर जगदीशन, एच.डी.एफ़सी. बैंक के एम.डी. डेज़ीग्नेट की मौजूदगी में की।

मेडिकल एमरजेंसी में या निरोग रहने के लिए दो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं विश्वसनीय स्वास्थ्य-सेवाओं का मिलना और किफ़ायती कीमत पर सुविधाजनक वित्तीय सुविधाओं का उपलब्ध होना।

अमेजन का द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 17 अक्टूबर से

लखनऊ (वार्ता)। कोरोना संक्रमण काल में आन लाइन शापिंग के प्रति लोगों के बढ़ते रूझान को भांपते हुये अमेजन इंडिया ने त्योहारों के मौसम में 17 अक्टूबर से द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल का ऐलान किया है।

अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट मनीष तिवारी ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि त्योहारों के मौसम में इस साल, लाखों स्मॉल एंड मीडियम बिज़नेस (एसएमबी) ग्राहकों को बेहद खास प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। इससे इन एसएमबी को इस मुश्किल वक्त में अपने कारोबार को फिर से खड़ा करने और कारोबार में तेजी लाने में मदद मिलेगी। ग्राहक स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस (एसएमबी) के चार करोड़ से अधिक प्रोडक्ट और 100 शहरों के 20 हजार से अधिक स्थानीय दुकानों से खरीदारी कर सकते हैं। नीलसन के हालिया सर्वे के अनुसार अमेजन डाट इन पर 85 प्रतिशत से अधिक एसएमबी विक्रेताओं को नए ग्राहक मिलने और बिक्री में शानदार वृद्धि देखने की उम्मीद है। 74 फीसदी से अधिक विक्रेता व्यवसाय के फिर खड़े होने के बारे में आशावादी हैं और 78 प्रतिशत कारोबारी उनके प्रोडक्ट की विजिबिलिटी को लेकर आशान्वित हैं। फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को शीर्ष ब्रांडों की ओर से 900 से अधिक नए प्रोडक्ट की लॉन्च देखने को मिलेगी।

एक्सिस बैंक का विस्तारा के साथ को-ब्रांडेड फॉरेक्स कार्ड

नई दिल्ली (वार्ता)। निजी क्षेत्र के तीसरे बड़े बैंक एक्सिस बैंक और टाटा समूह तथा सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली विमान सेवा कंपनी विस्तारा ने को-ब्रांडेड फॉरेक्स कार्ड लॉन्च किया है। एक्सिस बैंक और विस्तारा ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि इस बहु-मुद्रा फॉरेक्स कार्ड में 16 विदेशी मुद्राएँ लोड की जा सकती है। देश में यह पहली बार है जब किसी बैंक ने किसी एयरलाइंस के साथ मिलकर फॉरेक्स कार्ड लॉन्च किया है। फॉरेक्स कार्ड की सुविधा विदेश यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिए होती है। इस कार्ड में पहले से उस देश की स्थानीय मुद्रा लोड की जा सकती है और वहाँ जाकर उसी देश की मुद्रा में भुगतान किया जा सकता है या एटीएम से पैसे निकाले जा सकते हैं।

धीमे ओवर रेट के लिए स्मिथ पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

अबु धाबी (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीवन स्मिथ पर मुंबई इंडियंस के खिलाफमैच के दौरान धीमे ओवर रेट को लेकर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

राजस्थान और मुंबई के बीच मंगलवार को आईपीएल 13 का मुकाबला खेला गया था जहां मुंबई ने राजस्थान को 57 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया था। आईपीएल समिति ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि इस सत्र में यह राजस्थान की पहली गलती थी इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के तहत स्मिथ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। स्मिथ से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली पर किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ और दिल्ली कैपिटल्स टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफमैच में धीमे ओवर रेट के लिए 12-12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है।

यूएस ओपन चैंपियन थिएम बाहर

पेरिस (वार्ता)। यूएस ओपन चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के डॉमिनिक थिएम मंगलवार को क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के बड़े उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए।

थिएम को 12वीं सीड अर्जेंटीना के थिएम श्वार्ट्जमैन ने पांच घंटे आठ मिनट तक चले मैराथन संघर्ष में 7-6(1), 5-7, 6-7(6), 7-6(5), 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। थिएम 2018 और 2019 में यहां उपविजेता रहे थे लेकिन अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने इस बार यूएस ओपन चैंपियन थिएम को क्वार्टरफाइनल में मात दे दी और इस साल अपना रिकॉर्ड 20-9 पहुंच दिया।

श्वार्ट्जमैन हाल ही में इटालियन ओपन में उपविजेता रहे थे। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला 12 बार के विजेता स्पेन के राफेल नडाल और इटली के जानिक सिनर के बीच मैच के विजेता से होगा।

आईपीएल - 2020 : मुंबई ने राजस्थान को आईपीएल मुकाबले में 57 रन से हराया

हमारे फैंस को अभी घबराने की जरूरत नहीं : स्मिथ

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीवन स्मिथ ने मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मिली शिकस्त के बाद कहा कि लगातार मिली हार के बावजूद टीम के समर्थकों को इस वक्त अधिक घबराने की जरूरत नहीं है।

अबुधाबी (वार्ता)। राजस्थान के कप्तान स्मिथ ने कहा कि लगातार हार के बाद भी टीम के समर्थकों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि हमें इस वक्त इतना ज्यादा घबराने की जरूरत है। हमें बस अपनी योजना को अमल करने की जरूरत है और लंबे समय तक अच्छी क्रिकेट खेलनी होगी। हम पिछले तीन मुकाबलों में अपनी योजनाओं के अनुरूप प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं और जितनी जल्दी हो सके हमें वापसी करनी होगी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है शुरुआती विकेट गंवाना हमारे लिए फायदेमंद नहीं रहा। पिछले तीन मैचों से हमें अच्छी शुरुआत नहीं मिल पाई है। जोस बटलर और जोफ्रा आर्चर को छोड़ दें तो हमें बल्लेबाजी पर ध्यान देने की जरूरत है। हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स के टीम से जुड़ने पर स्मिथ ने कहा, ÷मुझे नहीं लगता स्टोक्स 10 अक्टूबर से पहले टीम के लिए उपलब्ध होंगे। वह हमसे ज्यादा दूर नहीं हैं और उम्मीद करता हूं कि उनके टीम के साथ जुड़ने से पहले ही हम कुछ मैच जीतेंगे और जल्दी ही लय हासिल कर लेंगे।

इस मैच में बड़ी पारी खेलने का एहसास था : सूर्यकुमार

अबु धाबी (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियन्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले मैन ऑफद मैच सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्हें इस बात का एहसास था कि वह इस मैच में बड़ी पारी खेलेंगे।

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की नाबाद 79 रन की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने राजस्थान को आईपीएल मुकाबले में 57 रन से हरा दिया। सूर्यकुमार ने कहा, ÷मुझे इस बात का एहसास था कि इस मैच में मैं बड़ी पारी खेलने वाला हूं। पिछले कुछ मैचों में मैं किसी न किसी तरह से आउट हो जाता था। मैंने खुद पर भरोसा बरकरार रखा और आखिर तक बल्लेबाजी करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा, टीम के तीन विकेट 10 ओवरों के भीतर गिर गए थे ऐसे में मुझे पारी को अंत तक संभाले रखना था। मुझे लगता है कि यह दबाव नहीं है बल्कि टीम ने मुझे एक अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। मुझसे कहा गया कि मैं अपना नैसर्गिक खेल खेलूं। लॉकडाउन के दौरान मैंने कुछ शॉट्स का अभ्यास किया। टीम का जीतना संतोषजनक है।

जेवर हवाई अड्डे से 2024 में शुरू होगी उड़ानों की शुरूआत

ग्रेटर नोएडा (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहली उड़ान वर्ष 2024 में शुरू होगी। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास, रखरखाव और परिचालन के लिए आज उत्तर प्रदेश सरकार ने जूरिक एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ एक रियायत करार पर हस्ताक्षर किया। इसके बाद हवाई अड्डे का निर्माण कार्य अब शुरू हो सकेगा। इसे बनाने के साथ ही जुरिक एयरपोर्ट इंटरनेशनल को 40 साल तक हवाई अड्डे के परिचालन और रखरखाव का अधिकार भी मिल गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अरुण वीर सिंह और जुरिक एयरपोर्ट इंटरनेशनल की ओर से यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टॉफ श्नेलमान ने करार दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये। सिंह ने बताया कि सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही के लिए एक रनवे के साथ हवाई अड्डे के निर्माण का पहला चरण वित्त वर्ष 2023-24 तक पूरा किया जायेगा और वर्ष 2024 में उड़ान शुरू होगी। पहले चरण में निर्माण पर 4,500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हवाई अड्डे पूर्ण विकास चार चरणों में होगा। चौथे चरण तक 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। चारों चरण पूरा होने के बाद इसकी क्षमता सालाना सात करोड़ यात्रियों की होगी और यहाँ दो रनवे बनेगा। जेवर हवाई अड्डा पूरी तरह से डिजिटल होगा और इसे शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन परिसर के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। जेवर हवाई अड्डे में 37.50 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकारी की और इतनी ही हिस्सेदारी नोएडा प्राधिकरण की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की हिस्सेदारी 12.50 प्रतिशत और शेष 12.50 प्रतिशत हिस्सेदारी वाईईआईडीए की है।

भटगांव थाना प्रभारी हुए लाइन अटैच, पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार का मामला...

भटगांव (नव प्रदेश)। बिलाईगढ़ ब्लॉक के पत्रकारों द्वारा थाना और चौकियों के खबर को बहिष्कार का खबर लगते ही पुलिस विभाग में हड़कम मच गया, जिसके चलते आज भटगांव थाना प्रभारी को बलौदाबाजार लाइन अटैच कर दिये गए। बता दे बीते दिनों थाना प्रभारी भटगांव द्वारा रिपोर्टर राजू निराला के साथ हुए घटना को लेकर बिलाईगढ़ ब्लॉक के पत्रकारों में थाना प्रभारी को लेकर भारी आक्रोश था, जिसके बाद बिलाईगढ़ ब्लॉक के पत्रकारों द्वारा आवश्यक बैठक कर बिलाईगढ़ ब्लॉक के सभी थाना और चौकियों के खबरों के प्रकाशन को बहिष्कार कर दिया था। जिससे आज भटगांव थाना प्रभारी को बलौदाबाजार लाइन अटैच कर दिया गया। वही रिपोर्टर राजू निराला ने सहयोग के लिए सभी पत्रकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रदेश सरकार के खिलाफ बीजेपी का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

डौंडी। भाजपा मंडल डौंडी एवं दल्लीराजहरा भाजपा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश की किसानों का धान खरीदी व राशि भुगतान मामले को लेकर स्थानीय तहसील कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर किसान हित मे आवाज बुलंद किया तथा छ. ग. महामहिम राज्यपाल के नाम मांगो का ज्ञापन तहसील कार्यालय में सौपा गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल डौंडी के पदाधिकारियों द्वारा राज्य की कांग्रेस सरकार को जमकर कोसते हुए उनकी विफलताओं को गिनाया। और कहा गया कि यह सरकार किसानों की खुशहाली का वादा कर सत्ता में आई है किंतु पिछले सत्र शासन की धान खरीदी व्यवस्था काफी लचर रही, आलम ये है कि इस सत्र का धान लगभग पककर तैयार हो रहा लेकिन किसानों को पिछले सत्र के धान का पूरा मूल्य अब तक नही मिल पाया। राज्य की बीजेपी शासन काल मे किसानों को 24 घंटे की भीतर उपज का भुगतान होता रहा। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही छत्तीसगढ़ को डेढ़ गुना अधिक चावल खरीदने मद से 9 हजार करोड़ रुपये राशि प्रदान की घोषणा किया है अब सीजी शासन को किसानों का धान 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल करना आवश्यक होगा। पिछले सत्र धान ख़रीदी को लेकर अनिश्चिता रहने से अफरा तफरी का माहौल के चलते किसानों से अपराधियो जैसा व्यवहार किया गया ऐसी स्तिथि इस बार नही होना चाहिए इसलिए समय रहते पूर्व सरकार की तरह एक नवंबर से धान खरीदी शुरू हो। सरकार ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट वादा बावजूद किसानों का बकाया बोनस भुगतान नही किया जो किसानों के साथ विश्वासघात है।

हाथरस घटना के विरोध में शामिल हुए विधायक छाबड़ा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा। हाथरस की बेटी और परिवार को न्याय दिलाने तथा उत्तरप्रदेश सरकार की असवेदनहीनता के खिलाफ बेमेतरा जिला कांग्रेस कांग्रेस के आह्वान में पुराना बस स्टैण्ड चौक बेमेतरा में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हाथरस जा रहे कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एव महासचिव श्रीमतीं प्रियंका गांधी को सीमा में रोकते हुए कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज किया गया, यह योगी सरकार के मनमानी व असवैधानिक कृत्यों को दर्शाता है, हाथरस की दलित के बेटी के साथ दुराचार करने वाले आरोपी के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की गई। साथ ही महामहीम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम बेमेतरा को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें जिलाध्यक्ष बंशी पटेल, शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, जिपं सदस्य शशिप्रभा गायकवाड, अध्यक्ष शकुंतला साहू, ब्लाक अध्यक्ष लूकेश, साजा ब्लाक अध्यक्ष संतोष वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

किसान विरोधी कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

कांग्रेस सरकार धान खरीदी और किसानों से किए वादों को पूरा करें- चंदूलाल साहू

किसान आत्महत्या मामले पर भी सरकार को घेरा

राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। प्रदेश की कांग्रेस सरकार एवं उनकी नीतियों और किसानों से किए गए वादों को पूरा करने की मांग को लेकर भाजपाइयों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए हल्ला बोला।प्रदेशभर में खेती-किसानी, धान खरीदी और किसानों से किए गए सभी वादों को पूरा करने की मांग को लेकर ब्लाक स्तर पर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई थी। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा नेताओं ने हल्ला बोलते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। वहीं अपने विभिन्न बिंदुओं को लेकर राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर जिला मुख्यालय के गांधी में बुधवार को भाजपा मंडल गरियाबंद के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन कायर्क्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता लोकसभा महासमुंद क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि भाजपा किसान हित को लेकर संसद से सड़क तक की लड़ाई लड़ते हैं, आज इसी उद्देश्य को लेकर धरना प्रदर्शन की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपने को किसान हितैषी बताने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसानों से किए वायदों को पहले पूरा करें, गिरदावरी का नाटक बंद करें। कहा कि अब केंद्र सरकार ने केंद्रीय पूल में पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना अधिक यानी 60 लाख मीट्रिक टन चावल लेने की घोषणा की है, प्रदेश सरकार को अब किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान ख़रीदने की घोषणा करनी चाहिए क्योंकि 60 लाख मीट्रिक टन चावल के लिए लगभग 90 लाख मीट्रिक टन धान की ज़रूरत होगी। केंद्र सरकार ने चावल की मद में प्रदेश सरकार को 09 हज़ार करोड़ रुपए की राशि भी हाल ही में दी है। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसलों का पूरा लाभ किसानों को देकर प्रदेश सरकार इस वर्ष धान ख़रीदी का काम भाजपा शासनकाल की तरह ही एक नवंबर से प्रारंभ करे और पिछले वर्ष की तरह किसानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार न करे।

पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने आगे कहा कि चालू खरीफ सत्र का धान लगभग तैयार हो गए हैं और बहुत ज़ल्द फसल की लुआई शुरू हो जाएगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने अभी पिछले वर्ष के धान के समर्थन मूल्य का ही पूरा भुगतान नहीं किया है। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में लुभावने वायदे करके सत्ता में आ गई है, लेकिन उसे पूरा करने में पूरी तरह से असफल रही है। प्रदेश सरकार उपज का मूल्य टुकड़ों-टुकड़ों में देकर अन्नदाता किसानों का घोर अपमान करने से बाज आए क्योंकि भाजपा शासनकाल में 24 घंटे के भीतर किसानों के पूरे भुगतान की व्यवस्था थी। प्रदेश की कांग्रेस सरकार से अपने वादे को पूरा करते हुए किसानों को बकाया दो साल का बोनस भुगतान करने की भी मांग की है।

जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि एक देश एक बाजार के कानून को कांग्रेस पचा नही पा रही है। प्रदेश सरकार सियासी नौटंकियां करने के बजाय संघीय ढाँचे का सम्मान करते हुए नए कृषि क़ानूनों का क्रियान्वयन कर किसानों के खाते में उनकी फसल की पूरी कीमत 72 घंटे में एकमुश्त जमा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होने आगे कहा कि प्रदेश सरकार गिरदावरी के नाम पर किसानों के खेत का रकबा घटाने का काम कर रही है। ऋणपुस्तिका में जितना रकबा दर्ज है, उसी अनुसार धान खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह दुर्ग जिला में एक किसान के फांसी लगाकर आत्महत्या करना गंभीर मामला है।

नवागढ़ क्षेत्र में चल रहा कोरोना सर्वे अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

नवागढ़। सघन कोरोना सर्वे अभियान के तहत 05 से 11 अक्टूबर तक विकासखंड नवागढ़ के समस्त ग्राम एवं नगर पंचायतो में कोरोना सर्वे किया जा रहा है। जिसमें ग्राम के मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम के द्वारा घर घर जाकर के लोगो को कोरोना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्हें मास्क सही तरीके से लगाने, हाथ धोने की विधि व लाभ के बारे में बताया जा रहा है, साथ ही साथ घर मे किसी को भी बुखार, खाँसी, सांस लेने में तकलीफ है ऐसे लोगो की सूची भी बनाई जा रही है, जिनका स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना सैंपल भी कराया जाएगा। बीपीएम सीके देवांगन ने बताया कि सर्वे के प्रथम बुधवार को दिवस विकासखंड नवागढ़ में 2454 घरो का सर्वे किया गया जिसमें 80 लोग लक्षण वाले मिले ह जिनका कोरोना सैंपल स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिया जावेगा। इस अभियान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नवागढ़ इस कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी है और यह कार्यक्रम सम्बन्धित विभागों के आपसी समन्वय से संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पूर्ण होने के बाद भी प्रत्येक सोमवार को मितानिन के माध्यम से यह सर्वे कार्यक्रम संचालित रहेगा।

इस नवरात्रि बुचिपुर महामाया के श्रद्धालुओं को नहीं होंगे दर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

नवागढ़। धार्मिक पर्यटन स्थल सिद्धपीठ माँ माहमाया धाम बुचिपुर में आगामी नवरात्रि के लिए समिति की बैठक संपन्न हुई। जहाँ निर्णय लिया गया कि नवरात्रि कोविड 19 गाइडलाइन का पालन करते सादगी से मनाया जाएगा।उल्लेखनीय है कि कोरोना काल मे इस बार बाकी तीज त्योहारो की तरह नवरात्रि में फीकी नजर आएगी, बेमेतरा जिला कलेक्टर से नवरात्रि को लेकर गाइडलाइन जारी कर दिए गए है जिनके मद्दे नजर रखते इस बार क्षेत्र के सभी मंदिर, देवालय ,संस्थान में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए नवरात्रि पर्व को सादगी से मनाया जाएगा। इसी को मद्धे नजर रखते धार्मिक पर्यटन स्थल सिद्ध शक्ति पीठ मां महामाया धाम बुचिपुर में मंदिर समिति ने बैठक रखा गया था। जिसमें समिति के सभी पदाधिकारी और मंदिर समिति के सभी सदस्य और ग्रामीण उपस्तिथ थे। जिसमें कोरोना गाइडलाइंस के मद्दे नजर रखते यह निर्णय लिया गया है कि पिछले नवरात्र पर्व चैत्र पर्व 2020 का शेष मनोकामना ज्योति जो प्रज्ज्वलित नही किया गया था, जिसको इस नवरात्रि में प्रज्वलित करना है। इस नवरात्र पर्व में लगभग 2500 ज्योति प्रज्वलित होगी और नए प्रजवलित ज्योति की राशिद कटना प्रारम्भ कर दिया गया है।

मंदिर समिति अध्यक्ष सुरेश वर्मा के अनुसार ज्योति प्रज्वलित होगी लेकिन उनका दर्शन आमजनता और बाकी लोगो के लिए पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । माता जी का दर्शन पर्व में नहीं होगा।

बिहान ने दी महिलाओं को नई पहचान

समूह से जुड़कर अपने सपनों को कर रही है साकार

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले के छुरा अंचल की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं बिहान से जुड़कर खुद को नई पहचान दे रही हैं। कभी किस्मत को ही अपनी नियती मानकर सबकुछ स्वीकार कर लेने वाली इन महिलाओं की जीवन में एक नई सुबह के रूप में ''बिहान '' शामिल हुआ है। संघर्ष से सफलता की ओर कदम बढ़ाने वाली इन महिलाओं ने पहले तो खुद को समूह से जोड़ा फिर सामुहिक बचत,निवेश और उत्पादन के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए नई पहचान बनाने लगी। अंचल में कई महिलाओं ने ऐसे व्यावसाय को चुना है जहां पुरूषों का वर्चस्व रहा है। सेन्ट्रिंग व्यवसाय, किराया भंडार, पशुपालन, आधुनिक खेती, आटा चक्की, होटल, इत्यादि व्यवसायों को सफलतापूर्वक कर रही है। धारा से विपरित बहकर इनके जीवन में और निखार आया है। छुरा जनपद की सीईओ सुश्री रूचि शर्मा ने बताया कि इस विकासखंड में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयास किये जा रहें है। बिहान के माध्यम से महिलाओं को समूह से जोड़कर आर्थिक और समाजिक रूप से सक्षम बनाने की पहल शासन की मंशा अनुरूप किया जा रहा है।

जन चौपाल में ग्राम गाड़ाडीह पहुचे सांसद विजय बघेल व पूर्व विधायक बाफना

साजा - साजा विधान सभा के परपोड़ी मंडल के ग्राम गाड़ाडीह में भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हीरालाल साहू के नेतृत्व में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से अतिथियों में सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल, पूर्व विधायक व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती सुनीता हीरालाल साहू उपस्थित रहे। जन चौपाल में सांसद श्री बघेल ने क्षेत्रवासी किसानों की समस्या सुनी व केंद्र में नरेन्द्र मोदी के किसान हितैषी बिल पर किसानों को विस्तृत जानकारी दिए। केंद्र में 3 किसान बिल लोकसभा और राज्यसभा में पास किये जो किसानों की हित मे है। किसानों को अपनी फसल बेचने व दाम खुद तय करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा राज्य सरकार बिल के बारे में गलत जानकारी देकर किसानों को गुमराह कर रही। राज्य सरकार के पास कोई ठोस योजना नही। आगामी धान ख़रीदी के लिए केंद्र सरकार लगभग नौ हजार करोड़ भेज दिया है और राज्य सरकार पिछली धान का पैसा अभी तक नही दिया। जन चौपाल को पूर्व विधायक लाभचंद बाफना व जिला पंचायत अध्यक्षा ने भी संबोधित किया।

नांदघाट के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे

बेमेतरा। हाथरस की पीड़ित बेटी को न्याय दिलाने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी आदेशनुसार मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध किया गया। जिसमें छग शासन के संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक माननीय गुरुदयाल सिंह बंजारे ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट के नेतृत्व में हुए धरना प्रदर्शन में केंद्र की मोदी सरकार और उत्तरप्रदेश के योगी सरकार को जमकर लताड़ लगाते हुए कहा कि हाथरस (उत्तरप्रदेश) की घटना ने मानवता को शर्मशार कर दिया है, जिस तरह से एक बेटी के साथ बर्बरता से अत्याचार किया गया और उससे भी ज्यादा बर्बरता उत्तरप्रदेश पुलिस ने दिखाई है, जिससे यह साबित हो गया कि योगी आदित्यनाथ की सरकार पूरी तरह विफल रही है। केवल उत्तरप्रदेश सरकार ही नही बल्कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार मे वहां अनु. जाति/अनु. जनजाति एवं गरीब बेटियो पर अत्याचार की घटनाओं में भारी वृद्धि हो रही है। भारतीय जनता पार्टी बेटियो को न्याय दिलाने मे विफल रही है।

कार्यक्रम को किसान कांग्रेस के बेमेतरा जिला अध्यक्ष झम्मन बघेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमति अंजली मारकंडे, नवागढ़ जनपद विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील साहू, जिला महामंत्री मोंटू तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लाला कटारे, रितेश तिवारी ने भी संबोधित किया। आयोजित धरना प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से सरपंच सरिता लाला कटारे, जनपद सदस्य लाखन सिंह, नगर पंचायत नवागढ़ एल्डरमैन अमित जैन, वीरेंद्र जायसवाल, राकेश साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर, विजय ठाकुर, तेजराम साहू, शोभा साहू, लोचन साहू, टिंगु सेन, शिवम् नामदेव, गोविंद ध्रुव संतोष साहू, जनक सेन, संतोष साहू, लुकेश्वर सोनवानी, अग्रेश्वर साहू, सुखदेव निसाद, हेमराम दिवाकर, मेघनाथ डहरिया, सरपँच कुरा संतोषी बघेल, अतुल मिश्रा, भूषण निसाद, हीरा भारती, गुड्डू खान, तोषण मिरी, प्रभु यादव, रोहित मंत्रे, रोली वैषणव, कविता वैष्णव, आदि उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोना काल में 600...

आईटी इन्वेस्टिगेशन विंग भी करोड़ों के हुए सौदे और सबसे ज्यादा उन लोगों व्दारा खरीदने से भौचक्क है जिनके यहां जांच कार्रवाई व दबिश के दौरान कोई बड़ी कर चोरी नहीं मिली। एक बार फिर बाजार में उड़ रहे इस सौदे की खबर के बाद आईटी विभाग की पैनी नजरें लगी हुई हैं।

कोरोना: 2021 तक...

अत्यधिक गरीब लोगों की संख्या बढ़कर 15 करोड़ पर पहुंच सकती है। संगठन ने कहा कि यह आर्थिक गिरावट की रफ्तार पर निर्भर करेगा। विश्वबैंक ने अपनी द्विवार्षिक गरीबी व साझा समृद्धि रिपोर्ट में कहा कि यदि यह महामारी नहीं आती तो 2020 में अत्यधिक गरीब लोगों की संख्या के कम होकर 7.9 प्रतिशत पर आ जाने का अनुमान था। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष डेविड मालपास ने कहा, महामारी और वैश्विक मंदी दुनिया की आबादी के 1.4 प्रतिशत से अधिक लोगों के गरीबी में गिरने का कारण हो सकता है। उन्होंने कहा, विकास की प्रगति और गरीबी में कमी की दिशा में इस गंभीर झटके को पलटने के लिये पूंजी, श्रम, कौशल और नवाचार को नये व्यवसायों व क्षेत्रों में कदम रखने की अनुमति देकर देशों को कोविड-19 के बाद के दौर में एक अलग प्रकार की अर्थव्यवस्था तैयारी करनी होगी।

न्याय नहीं मिला तो...

गरीब आदिवासी युवती की मौत के लगभग 2 माह बीतने के बाद 4 अक्टूबर को पीड़िता के पिता के द्वारा भी जहर सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास करना ये दोनों घटना अपने आप मे काफी सारे रहस्य अपने आप मे समाहित करता है। वही दोनों ही प्रकरणों में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न होना भी जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

तनाव में आकर 2 दिन बाद पीड़ित युवती ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या : मृतक युवती के चाचा ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य खेत मे काम कर रहे थे तब उक्त युवती के माता पिता घर मे न होने के कारण वह छोटे बच्चों के साथ घर मे अकेली थी। तभी दोपहर लगभग 2 बजे बच्चों ने खेत आ कर बताया कि दीदी ने फांसी लगा लिया है। जिसके तुरन्त बाद हम लोग घर पहुंचे तथा युवती को नीचे उतारा तब तक वह जीवित थी, तथा उसे अस्पताल लेकर जाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था कर रहे थे उससे पहले ही उसने प्राण त्याग दिया। चूंकि युवती के माता-पिता गांव से बाहर थे इसलिए उसका अंतिम संस्कार नही किया गया था, तथा अगले दिन सुबह 11 बजे सबकी उपस्थिति में शव को दफन कर दिया गया। तथा दफनाने के बाद शाम को अंचलापारा के कुछ युवकों द्वारा हमे जानकारी मिली कि मृत युवती के द्वारा कनागांव में कुछ युवकों के द्वारा सामुहिक अनाचार किया गया था।

2 महीनों के बाद युवती के पिता के आत्महत्या के प्रयास करने के बाद मामले का हुआ खुलासा : लेकिन अचानक किन्ही अज्ञात कारणों की वजह से 4 अक्टूबर को पीड़ित युवती के पिता ने अचानक बिना किसी कारण के घर मे पड़े कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि परिजनों के द्वारा उसे समय रहते अस्पताल पहुंचा देने के कारण उसकी जान बच गयी लेकिन ठीक दूसरे दिन 5 अक्टूबर को युवती का पिता ग्लूकोज की बोतल समेत अस्पताल में बिना किसी को जानकारी दिए भाग गया। पीड़ित लड़की के पिता द्वारा असामान्य रूप से बिना कोई कारण बताए जब आत्महत्या का प्रयास परिजनों को भी संदेहास्पद लगा। जब उन्होंने इसके पीछे का कारण जानने का प्रयास किया तो किसी प्रकार से इसकी कड़ी पुत्री के द्वारा की गई आत्महत्या से जुड़ती हुई मिली, तब जाकर इन तमाम रहस्यों का खुलासा हुआ।

पीड़ित परिवार सरकार से लगा रहा इंसाफकी गुहार

गरीब आदिवासी परिवार की पुत्री की मौत तथा उसके बाद पिता के द्वारा आत्महत्या करने का प्रयास करना अपने आप मे कई सारे रहस्यों को समेट कर बैठा है। जिसके लिए मृत युवती के चाचा और उसकी सहेली घटना की पूरी जानकारी बतलाते हुए मीडिया के माध्यम से सरकार से गुहार लगाया है कि जल्द से जल्द इस घटना पर कार्रवाई कर इसमे संलिप्त दोषियों को सजा दी जाए तथा इंसाफ दिलाया जाए।

अब सवाल ये है कि इतनी बड़ी घटना की रिपोर्ट धनोरा पुलिस ने क्यों नहीं दर्ज की,जब आरोपीयों को थाने में पकड़ कर लाया गया था तब कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

मामले की जांच हेतु रवाना हुए एसडीओपी केशकाल

इस विषय पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमित पटेल ने फोन पर मामले पर बात करने पर उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है, तथा तसदीक हेतु ग्राम ओड़ागांव के लिए रवाना हो रहे हैं। जांच के पश्चात ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतिका की सहेली ने...

से शादी घर में पहुची और घटना के बार मे पूरी जानकारी बतलाई उस वक्त पीड़िता के शरीर से काफी खून निकल रहा था । घटना में शामिल कुछ युवक शराब के नशे में भी थे तथा घटना को अंजाम देने से पहले जब युवकों का समूह पीड़ित युवती को जबरन ले जा रहे थे तब मैं भी मौजूद थी कुछ युवकों के द्वारा मुझे भी घेर लिए थे लेकिन मै किसी तरह उनके चंगुल से निकल कर भाग गई। पीड़ित युवती की सहेली ने बताया कि आरोपी युवकों ने हमको धमकी देते हुए कहा था कि यदि घटना की जानकारी घरवालों को दिया तो दोनों को जान से मार दिया जाएगा। इसलिए डर के कारण हम चुप रहे तथा घर मे किसी को कुछ नही बताया। लेकिन घटना के बाद यह बात पूरे शादी घर में फैल गई थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021, email: navpradesh@gmail.com,

डरा रहा है भूरा माहो, गांव गांव से आ रही नुकसान की खबरें

भाटापार। माहो यह शब्द ही डराता है। केवल 28 से 33 दिन का जीवन चक्र वाला यह कीट धान की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। इतना नुकसान कि समय रहते उपाय नहीं किए गए तो फसल चौपट करने में इसे देर नहीं लगती। प्रतिकूल मौसम और मानसून वापसी के दौर के बीच जिस तरह का मौसम बन रहा है उससे इस कीट को अपना परिवार बढ़ाने में पूरी मदद मिल रही है।

वापसी की राह पकड़ चुका मानसून जाते-जाते भी बरस रहा है। कुछ देर की बारिश के बाद तेज धूप, फिर उमस ,फिर बादलों का जमता डेरा। यह सब उस कीट को पनपने और परिवार बढ़ाने में पूरी मदद कर रहे हैं जिसे भूरा माहो कहा जाता है। धान की फसल का सबसे खतरनाक दुश्मन भूरा माहो के लिए बेहद अनुकूल मौका मिल रहा है परिवार बढ़ाने और धान की तैयार होती फसल को चट करने के लिए। तैयार हो रही फसल को इनसे बचाने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाकर लेकिन प्रकृति इस समय किसान नहीं बल्कि इस कीट का साथ दे रही है।

भूरा माहो बारिश के बाद तेज धूप और उमस भरे वातावरण में अपना परिवार बढ़ाता है। फिलहाल जैसा मौसम है उससे इस कीट को भरपूर मदद मिल रही है। इस समय मध्यम अवधि की फसल में महामाया, सफरी, राजेश्वरी और

दंतेश्वरी जैसी प्रजातियों की फसल में बालियां निकल आई है तो दीर्घ अवधि वाली फसल स्वर्णा ,एचएमटी, सियाराम ,दुबराज और विष्णु भोग में बालियों के निकलने की अवस्था आ चुकी है। याने मौसम पूरी तरह भूरा माहो के साथ है। इस समय यह कीट बालियां निकल चुकी फसलों को चट कर रहा है।

जीवन चक्र 28 से 33 दिन

भूरा माहो की तीन अवस्था होती है। अंडा, शिशु और प्रौढ़। शिशु और प्रौढ़ अवस्था में ही धान की फसलों पर यह हमला करते हैं। 28 से 33 दिन का जीवन चक्र वाला भूरा माहो शिशु की अवस्था में सबसे तेजी से हमला करता है। धान की घनी फसल और खाद का छिड़काव जहां पर ज्यादा होता है वहां इन्हें माकूल मौका मिलता है। तने के भीतर प्रवेश करने के बाद यह तने का पौष्टिक तत्व खींचता है जिससे पौधों की बालियां पीली और भूरी दिखने लगती है। अंत में पूरा पौधा सूख जाता है और गिर जाता है याने जबरदस्त नुकसान पहुंचाता है।

करें इन दवाओं का छिड़काव

माहो के प्रकोप से बचाव और नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रीड 17.5 एस. एल.60-90 मिली. अथवा डाईनोटेफ्यूरोन 20 प्रतिशत एस. जी.60 ग्राम प्रति एकड़ या फिर ट्राईफ्लूमेजोपाइरिम 10 प्रतिशत एस. सी. 94मिली. की मात्रा में छिड़काव किया जा कर नियंत्रित किया जा सकता है। मात्रा का ध्यान पूरी गंभीरता से दी गई सलाह के बाद रखना होगा क्योंकि यह कीट बहुत जल्द दवा के प्रति अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा लेता है। इसलिए समय-समय पर निगरानी सबसे ज्यादा जरूरी है।

जहां पर भूरा माहो का प्रकोप पिछले कुछ सालों से बढ़ता दिखाई दे रहा है वहां के किसानों को चंद्रहासिनी या आई आर 64 जैसी प्रतिरोधी किस्में लगानी चाहिए। इनमें इस रोग के प्रति, प्रतिरोधक क्षमता ज्यादा होती है।

- डॉक्टर संदीप भंडारकर, साइंटिस्ट, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग ,इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर

न्यूज गैलरी

मनोज जैन,नानु सुशिल सबलानी को मिली जवाबदारी

भाटापारा। केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान बिल के खिलाफ कांग्रेस मुखर हो गई है, बिल के विरोध में किसानों का हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, जिले के सभी शहरों और गांवों से अधिक से अधिक हस्ताक्षर हो इसको लेकर बकायदा पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने अपने जिले के पदाधिकारियों को जवाबदारी सौपते हुए अपने अपने ब्लाक के ज्यादा से ज्यादा किसानो से केंद्र सरकार के कृषि बिल के विरोध स्वरुप हस्ताक्षर कराने को कहा है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला महामंत्री मनोज जैन और रिंकू भाटिया को बलौदाबाजार शहर का प्रभारी बनाया गया है, बलौदा बाजार ग्रामीण के लिए कमल ठाकुर और अशोक ध्रुव, भाटापारा शहर के लिए आर्यन शुक्ला और गोपी साहू, भाटापारा ग्रामीण के लिए डॉ फारूखी और दीपक साहू, सुहेला के लिए शैली भाटिया सुमित्रा धृतलहरे, पलारी के लिए विक्रम पटेल और नानू सोनी, कसडोल के लिए छत्रसाल साहू और नीतीश बंजारे, बिलाईगढ़ के लिए ऋत्विक मिश्रा और परमानंद साहू, सोनाखान के लिए गंभीर सिंह ठाकुर और सुशील सबलानी, सरसींवा के लिए बसंत इडली और हेमलाल दुबे, लवण के लिए प्रभाकर मिश्रा रमेश धृतलहरे, सिमगा के लिए सुरेंद्र सिंह ठाकुर और भुनेश्वर वर्मा, एवं मंडी के लिए मनीष चंद्राकर और अजय वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। केन्द्र सरकार द्वारा पारित किसान बिल के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर क्षेत्र में किसानों का हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया जाएगा, जिसके लिए जिला अध्यक्ष ने प्रभारियों की नियुक्ति की है, सभी प्रभारियों को अधिक से अधिक किसानों के हस्ताक्षर करवाने के निर्देश र दिए गए हैं।

अनशन पर बैठें आप नेता शत्रुघ्न साहू को समर्थन देने पहुंची कात्यायनी देवी

भाटापारा। प्रदेश में रेत के अवैध खनन और पत्रकारों पर हो रहे हमलों को रोकने पत्रकार सुरक्षा कानून लाने सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने 2 अक्टूबर से आमरण अनशन पर है। धरने के सर्मथन में प्रदेश संगठन मंत्री कात्यायनी देवी और भाटापारा विधानसभा के कार्यकर्ता भी पहुंचे। कात्यायनी देवी ने बताया कि प्रदेश के छोटी-बड़ी रेत घाटों में लगातार रेत का अवैध खनन खुलेआम चल रहा है। इसकी शिकायत कई बार तहसीलदार से लेकर कलेक्टर और टीआइ से लेकर एसपी तक से की गई, लेकिन अवैध खनन का सिलसिला थम नहीं रहा है। आगे उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहित मुद्दों और भ्रष्टाचार के मुद्दे को उजागर करने वाले पत्रकारों पर जानलेवा हमला और मारपीट जैसी घटना को रोकने पत्रकार सुरक्षा कानून व्यवस्था लाने की मांग की।

एमपी की 46 पेटी गोल्डन गोवा विस्की शराब के साथ एक गिरफ्तार

भाटापारा। सिमगा पुलिस ने एक स्कार्पियो में 46 पेटी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।जब्त शराब की कीमत लगभग 3 लाख रूपये बताई जा रही है। सिमगा पुलिस आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए फरार युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में सिमगा थाना प्रभारी नरेश चौहान ने बताया की पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा, थाना प्रभारी नरेश चौहान के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक हरीश साहू को मुखबिर से सूचना मिला कि एक काई रंग की स्कार्पियो में बेमेतरा से सिमगा की ओर अवैध रूप से एमपी का शराब परिवहन किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर हमराह स्टाफ आरक्षक मनोज यादव, धर्मेन्द्र यादव, जितेन्द्र निषाद, युधिष्ठिर धिहरे एवं पी.सी.आर 1 के प्रधान आरक्षक रूपेंद्र वर्मा, आरक्षक भीषम वर्मा के साथ मुखबिर के बताए स्थान शेर ए पंजाब ढाबा के पास जाकर वाहनों की चेकिंग की गई।जाँच के दौरान जंहा एक काई रंग का स्कार्पियो निकल रहा था जिसे रूकवाने पर वह भागने लगा जिसका पीछा करते समय घेराबंदी को देखकर एक व्यक्ति कुदकर भाग गया । जिसे पकड़ने का काफी प्रयास किया गया । लेकिन वह भाग निकला। वाहन चालक आरोपी के पास एक सैमसंग का मोबाईल कीमती 5000 रुपये व एक वीवो का मोबाईल कीमती 7000 रूपये एवं *46 पेटी गोवा गोल्डन गोवा विस्की शराब के साथ पकड़ा गया । प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव भरा हुआ था कीमती दो लाख 99 हजार रूपये* एवं एक काई रंग की स्कार्पियो क्रमांक सीजी 04 बी 5611 कीमती चार लाख रूपये को कुल जुमला कीमती 07 लाख 11 हजार रूपये को जप्त कर *आरोपी स्कार्पियो चालक देवेन्द्र जागड़े पिता बाबूलाल जागड़े उम्र 22 वर्ष साकिन सुपेला भिलाई* को आबकारी एक्ट की धारा 34(02), 36 के तहत गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया है ।

भाजपा ने दिया धरना, तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

भाटापारा। धान की कुल कीमत को एक साथ दिए जाने, प्रति एकड़ न्यूनतम 20 कुंटल धान खरीदी करने, सहित किसानों की अन्य जनकल्याणकारी मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शहर ग्रामीण एवं निपनिया मंडल के साथ को क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नगर के रामसत्ता चौक में प्रदेश सरकार के खिलाफ एक एक दिवसीय धरना दिया।

विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने आक्रामक लहजे में प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए कहां कि 15 साल से सत्ता से बाहर रहने के बाद सत्ता के लिए तड़प रहे कांग्रेसियों ने प्रदेश की सत्ता हथियाने के लिए प्रदेश की जनता को सब्जबाग दिखाकर सत्ता तो हथिया ली परंतु अब इनका असली चेहरा सामने आने लग गया हैऔर सबसे ज्यादा विश्वासघात इन्होंने प्रदेश के किसानों से ही किया ?25 सौकुंटल मे धान खरीदने का वायदा करने वाली सरकार पहले साल ही पूरी राशि नहीं दे पाई और उल्टा किसानों से धान लेते समय इन्होंने किसानों से ऐसे व्यवहार किया जैसे किसानों ने धान नहीं अपितु गानजा अफीम की खेती की हो धानसे भरी उनकी वाहनों को थाने में खड़ी किया जाने लगा और मंडी आ रहे किसानों को मंडी की जगह थानों में राते गुजारने पड़ी द्य और अब तो धान खरीदी से बचने के लिएकिसानों के मेड एवं नालियों की नपाई कर उनके रकबा को कम किया जा रहा है

जबकि केंद्र सरकार दोनों हाथों से इस सरकार को मदद कर रही है और इस साल9000 करोड़ रुपए एडवांस के रूप में भेज दिए हैं और 60 लाख मैट्रिक टन चावल खरीदने का आश्वासन केंद्र सरकार ने दिया है और उसके लिए इस सरकार को 9000000 मीटर धान की जरूरत होगी इसीलिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि इस वर्ष किसानों का 20 कुंटल धान प्रति एकड़ खरीदा जाए एवं उन्हें 25 ?100 तत्काल भुगतान दिया जाए तथा अपने वादे के अनुसार पिछले 2 वर्ष का बोनस का भुगतान दिया जाए।

प्रदेश की भूपेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे हर कल्याणकारी कार्य पर या रोड़ा अटका रही है जो मोदी सरकार किसानों को हर वर्ष ?6000 किसान सम्मान निधि के नाम से भेजती है वहां भी इसने प्रदेश के 2500000 किसानों का डाटा ही नहीं भेजा जिससे कि 2500000 किसान ?6000 की राशि लेने से वंचित रह गए तथा प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किसानों के ऊपर को खुले बाजार में बेचने की दी गई छूट को भी यह सरकार प्रदेश मेंलागू नहीं कर रही है जबकि इसी कांग्रेस की सरकार ने 2012 में केंद्र में कृषि नीति को लेकर कानून बनाया था और जब मोदी जी ने यह कृषि विधायक संसद से पास कराया तो कांग्रेश विरोध में खड़ी हो गई। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा पूरे देश के नागरिकों के लिए पक्के मकान एवं स्वच्छ भारत के तहत शौचालय निर्माण इलाज के लिए ?500000 की योजना को इस सरकार ने प्रदेश में बंद करा दिया।

शर्मा ने कहा कि इस सरकार ने जो चिटफंड कंपनी के पैसे वापस करने की योजना बेरोजगारों को भत्ता देने की योजना स्वच्छता महिलाओं के द्वारा लिए गए कर्ज माफी की योजना शराबबंदी बंद करने की घोषणा इन सब बातों से मुंह फेर कर दोनों हाथों से भ्रष्टाचार करने में लगी हुई है।

सांसद ने की किसान चौपाल में कृषि विधेयक पर चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

नवागढ़। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर नवागढ़ विधानसभा स्तरीय सांसद किसान चौपाल कार्यक्रम तहत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मंगलवार को शबस स्टैंड नगर पंचायत नवागढ़ में कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस के बीच पहुँचकर सभा को सम्बोधित किया । जहाँ उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि विधेयक पर विस्तृत जानकारी दी। सांसद के साथ साथ ही इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप विकास धर दीवान जिला महामंत्री भाजपा बेमेतरा, दयालदास बघेल पूर्व मंत्री छग, अजय तिवारी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा, फिरतुराम साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा, दीपक तिवारी, फिरन्ता राम साहू, जितेन्द्र भुवाल,मनहरण सिंह ठाकुर,गोपाल वर्मा, छन्नू गुप्ता, देवादास चतुर्वेदी, गिरेन्द्र महिलांग, मधु रॉय सहित विधानसभा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहें। सांसद विजय बघेल ने किसान एवं ग्रामीणो जनमानस व भाजपा कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री मा नरेन्द्र मोदी जी व्दारा पारित कृषि विधेयक बील को किसानो के लाभ हित में होने की बात कहते हुए बताया कृषि विधेयक के तीनों कानुन किसानों व कृषि क्षेत्र मे किसानों को बढ़ावा देने वाला है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, कारण अज्ञात

लवन (नव प्रदेश)। लवन नगर के वार्ड 11 मे बुधवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बड़े भाई की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव फंदे पर से अतारा और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 लवन नगर में रहने वाले एक 36 वर्षीय युवक निखिल जोशी पिता विनोद जोशी ने बुधवार को सुबह 9 बजे गुंजारी लाल के खलिहान (बियांरा) बबुल पेड़ पर गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसे फंदे पर लटकता देख पुलिस को उसके बड़े भाई अखिलेश जोशी ने सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक की आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है वहीं परिजन भी उसके द्वारा उठाए गए इस कदम से हैरान हैं।

बसना-बंसुला-गढ़फुलझर मार्ग का होगा चौड़ीकरण

30 करोड की लागत से बनेगी 15 किलोमीटर लम्बी सड़क

30 गांव के लोगों को सफ़र करने में लगेगा कम समय

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। बसना से बंसुला-गढ़फुलझर-अंतरराज्यीय सीमा ओडिशा तक लगभग 15 किलोमिटर लम्बा और 10 मीटर चौडीकरण मार्ग के लिए आज भूमिपूजन किया गया हैं. जिसकी लागत 30 करोड़ रु है. बताया गया कि लगभग 30 गांव के लोगो को बसना मुख्यालय आने में परेशानी हो रही है और आए दिन हो रहे दुर्घटनाएं हो रही है जिससे छुटकारा मिलेगा.

बता दें की बसना से पदमपुर मार्ग बेहद ही जर्जर और एकल मार्ग जहां रोज हजारो की संख्या में ओडिसा से छत्तीसगढ़ वाहनों का आना जाना लगा रहता है. मार्ग में बड़े-बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है वही बसना से पदमपुर मार्ग में बहुत संकरा होने के कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है. वही मार्ग इतना जर्जर है कि इसे सफर करने में औसत समय से भी कहीं अधिक समय लगता है।

फुलझर अंचल के ग्रामीणों द्वारा बहुत समय से मार्ग का चौड़ीकरण के लिए मांग की जा रही है. क्षेत्र वासियों के मांग को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कार्य की सौगात बसना विधायक देवेन्द्र बहादुर सिंह के प्रयास से बसना से पदमपुर मार्ग निर्माण एवम चौड़ीकरण कार्य की सौगात प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी है। इस निर्माण की लागत 30 करोड़ रुपये है इसमें बसना से बंसूला, दुधीपाली, छोटेडाभा, गढ़फुलझर, लमकसा, ठाकुरपाली, अंकोरी, पलसापाली से लेकर 30 गांव को जोड़ती हैं. साथ ही साथ अंतरराज्यीय सीमा ओडिशा प्रदेश को भी जोड़ती है. इस निर्माण कार्य की लंम्बाई 15 किलोमीटर हैं जो कि 10 मीटर चौड़ी रहेगी. इसमें विभिन्न पुल पूलियो का निर्माण होगा.

इस निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज मंगलवार को राजा देवेंद्र बहादुर सिंह विधायक बसना एवं अध्यक्ष वन विकास निगम छ ग .शासन के करकमलों द्वारा चिमरकेल चौक में संपन्न हुआ. इस सडक निमार्ण कार्य के भूमिपूजन होने से क्षेत्र के नागरिकों मे हर्ष व्याप्त है. जिसमे प्रमुख रूप से ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष इस्तियाक खेरानी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मंजीत सिंग सलूजा ,तौकिर दानी ,तनवीर सईद ,दुकली बाई तांडी ,विजय साहू ,महेंद्र गुरुजी ,रविशंकर कश्यप ,टिकेश्वर पटेल , मोहतशिब दानी युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ख़ालिद दानी, जनपद सदस्य योगेश्वर साव ,यास्मीन बेगम, नरेंद्र साव ,सरफराज खेरानी ,चरणजीत छाबड़ा, इमरान मेमन ,मोतीलाल नायक ,परदेसी यादव ,तनवीर दानी ,गड़फुलझर सरपंच गोरेलाल, चिमरकेल कायतपाली सरपंच अंकोरी सरपंच नानक सागर सरपंच ,ठाकुरपाली सरपंच, रमेश सूर्या बरतराम नागेश जगदीश पाडे ,सुखदेव बारिक गुणनिधि बंधु ,हेमंत बंधु धरमसिंह बरिहा ,शिवप्रसाद मांक्षी ,महिपाल सिंग जटाल ,नरेन्द्र पाडे कमल सिदार, अन्तनतो नायक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

युवक की हत्या, सरपंच ने दबावपूर्वक जलवाया शव, अब तक एफआईआर नहीं

नवप्रदेश सवाददाता

महासमुंद। भंवरपुर के ग्राम सलखंड में युवक की हत्या के बाद बिना सहमति के दबावपूर्वक शव को जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मामले में सरपंच की भी संलिप्तता का आरोप मृतक के परिजनों ने लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है. विशेष थाना एवं पुलिस अधीक्षक महासमुंद को सौंपे गए ज्ञापन में मृतक के भाई कमल सिदार ने बताया है कि अभी तक इस मामले में आरोपियों के खिलाफ ना तो एफआईआर दर्ज की गई है और ना ही किसी तरह की कोई जांच की जा रही है. जिससे क्षुब्ध होकर मामले की शिकायत 3 अक्टूबर को विशेष थाना प्रभारी महासमुंद और पुलिस अधीक्षक से की गई है. मृतक के पिता और भाई ने बताया कि 1 सितंबर 2020 मंगलवार को ओमप्रकाश सिदार की हत्या कर उसे आनन-फानन में सरपंच बनवारी जगत ने परिवार की बिना सहमति दबावपूर्वक दाह संस्कार करा दिया।

मामले की संपूर्ण जानकारी दशकर्म के बाद बसना थाना प्रभारी को आवेदन देकर दी गई. बाद भंवरपुर चौकी प्रभारी के समक्ष शिकायत की गई है. सूत्रों के मुताबिक प्रेम प्रसंग के चलते हत्या को अंजाम देने की चर्चा भी है. बताया जा रहा है कि मृतक के भाई कमल सिदार और उनके पिता रोहित सिदार को सरपंच बनवारी जगत, प्रहलाद साहू व नंदकुमार साहू द्वारा उक्त घटना के समझौता को लेकर दबाव बनाया गया ऐसा शिकायत में कहा गया है तथा आरोप है कि नहीं मानने पर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे शिकायतकर्ता का परिवार दहशत में है. शिकायत के अनुसार मंगलवार सुबह 5.45 बजे गांव के प्रह्लाद साहू पिता राजू साहू मृतक के भाई कमल सिदार के घर आकर कहा कि मेरे घर चल तुमसे काम है और जब मृतक का भाई प्रहलाद साहू के घर गया तब उसे बताया गया कि तुम्हारा छोटा भाई ओमप्रकाश की मौत हो गई है।

किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा ने दिया धरना

नवागढ़। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर बेमेतरा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी के निर्देशन पर नवागढ़ ब्लॉक मुख्यालय में भाजपा नवागढ़ मण्डल के तत्वावधान में प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफभाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दोपहर को ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमे प्रमुख वक्त के रूप में जिला महामंत्री विकास धर दीवान, पूर्व मंत्री दयालदास बघेल, जिला उपाध्यक्ष फिरतुराम साहू, जिला उपाध्यक्ष टार्जन साहू, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा दयावंत धर बांधे,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, पूर्व जिला मंत्री मधु रॉय, फिरन्ता राम साहु, दीपक तिवारी,मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, महामन्त्री मिथलेश बिसेन, महामन्त्री सुरेश साहू, प्रवीर दत्त दुबे सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

सीएमओ द्वारा बदसलूकी, पालिका कर्मचारी संघ ने मिले नपा अध्यक्ष से

महासमुंद (नव प्रदेश)। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर से मिलकर सीएमओ द्वारा कर्मचारियों को गाली गलौज करने के विरोध में हड़ताल पर जाने का निर्णय लिए जाने की जानकारी दी गई. लेकिन पालिका अध्यक्ष की गुजारिश और समझाइश के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल करने का निर्णय वापस ले लिया है. कर्मचारियों ने अध्यक्ष के सौंपे गए एक पत्र में कर्मचारियों ने कहा कि माह अप्रैल 2018 से 7वें वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है लेकिन माह जनवरी 2016 से मार्च 2018 तक कुल 27 माह का एरियर्स नहीं मिल पाया है. कर्मचारियों ने कहा कि नगर पालिका से सेवानिवृत्त हुए अनेक कर्मचारियों को 6 से 12 बीत जाने के बाद भी उनके स्वत्वों का भुगतान नहीं किया गया है. साथ ही ग्रेजुएटी तथा पेंशन की कार्रवाही सेवानिवृत्त होने के एक माह में करने की मांग की है. कर्मचारी संघ ने

सफाई व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारियों अपशिष्ट के निवारण के लिए वर्दी, गमबूट, दास्ताना और मास्क अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए. कर्मचारियों ने कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में बिना अवकाश के कार्यरत है ऐसे सफाई कामगारों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत दिए जाने के साथ इन कर्मचारियों से रोस्टर सिस्टम से काम लिए जाने की मांग रखी है. ऐसे ही हर माह 7 तारीख तक वेतन का भुगतान, कर्मचारियों का सेवापुस्तिका में समय समय चरित्रावली लेखन का किया जाना, सेवापुस्तिका की प्रतिलिपि कर्मचारियों को उपलब्ध कराना सहित चर्चा की गई।

सरकार धान खरीदी 1 नवंबर से करे : अभिषेक सिंह

■ भाजपा ने दिया चारों ब्लाक मुख्यालय में धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

■ पूरा धान खरीदने से मुँह चुरा रही सरकार गिरदावरी के नाम पर किसानों के खेत का रकबा घटाने का घिनौना षड्यंत्र कर रही – अनिल सिंह

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भारतीय जनता पार्टी ने जिले के चारो ब्लॉक मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देकर राज्य सरकार से खेती-किसानी, धान खरीदी और किसानों से किए गए सभी वादों को पूरा करने की मांग की । धरना प्रदर्शन के पश्चात मॉंगों को लेकर राज्यपाल के नाम से एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने लोहारा के धरना प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं और किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अब केंद्र सरकार ने केंद्रीय पूल में पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना अधिक यानी 60 लाख मीट्रिक टन चावल लेने की घोषणा की है, इसलिए प्रदेश सरकार को अब किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा करनी चाहिए क्योंकि 60 लाख मीट्रिक टन चावल के लिए लगभग 90 लाख मीट्रिक टन धान की जरूरत होगी। केंद्र सरकार ने चावल की मद में प्रदेश सरकार को 09 हजार करोड़ रुपए की राशि भी हाल ही में दी है।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसलों का पूरा लाभ किसानों को देकर प्रदेश सरकार इस वर्ष धान खरीदी का काम भाजपा शासनकाल की तरह ही 01 नवंबर से प्रारंभ करे और पिछले वर्ष की तरह किसानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार न करे। श्री सिंह ने कहा कि चालू खरीफसत्र का धान लगभग तैयार हो चुका है और बहुत जल्द फसल की लुआई शुरू हो जाएगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने अभी पिछले वर्ष के धान के समर्थन मूल्य का ही पूरा भुगतान नहीं किया है और जिससे किसानों को काफी दिक्कतों से दो-चार होना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार अपने नेताओं के जन्मदिन-पुण्यतिथि पर किसानों को उनकी उपज का मूल्य टुकड़ों-टुकड़ों में देकर अन्नदाता किसानों का घोर अपमान करने से बाज आए क्योंकि भाजपा शासनकाल में 24 घंटे के भीतर किसानों के पूरे भुगतान की व्यवस्था थी। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार फिजूल की सियासी नौटंकियाँ करने के बजाय संघीय ढाँचे का सम्मान करते हुए नए कृषि कानूनों का क्रियान्वयन कर किसानों के खाते में उनकी फसल की पूरी कीमत 72 घंटे में एकमुश्त जमा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करे और यह भी घोषणा करे कि इस कानून के मुताबिक इस साल से किसानों पर धान के परिवहन व भंडारण के नाम पर कोई अत्याचार नहीं किया जाएगा, उन्हें परेशान करने के लिए कोई मुकदमा नहीं करेगी। आज प्रदेश सरकार की इस धोखाधड़ी से भी किसान क्षुब्ध हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और कृषि मंत्री के गृह जिले के युवा किसान की आत्महत्या प्रदेश सरकार के माथे पर कलंक का टीका है। उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर तीन-तीन बार कीटनाशक दवाएँ डालने के बाद भी प्रदेश के किसान अपनी फसल को सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं तो यह प्रदेश सरकार कब एक्शन में आएगी? युवा किसान का सुसाइड नोट प्रदेश के किसानों की वेदना का वह आईना है, जिसमें प्रदेश सरकार अपने वीभत्स सियासी अक्श को देखने का साहस जुटाए। महज राजनीतिक लफ्फाजियाँ करके किसानों के साथ छलावा करने की अपनी सियासी फितरत से प्रदेश सरकार बाज आए अन्यथा भाजपा किसानों के साथ उनके संघर्ष में हर कदम पर साथ खड़ी होकर प्रदेश सरकार को अन्नदाताओं की ताकत का अहसास करा देगी।

कवर्धा में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि कांग्रेस का किसान विरोधी चेहरा प्रदेश की जनता के सामने उजागर हो चुका हैं। जनता जानती हैं की यह वहीं कांग्रेस के नेता हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों के कोठी की जांच करवाई थी। यह वही कांग्रेस हैं जो किसान हितैषी होने का ढोंग कर सत्ता पाते ही छत्तीसगढ़ के किसानों को किश्तों में छलना प्रारंभ कर दिया हैं। यह वही कांग्रेस के नेता हैं जिनके इशारों में छत्तीसगढ़ के किसानों का रकबा कम करने का षड्यंत्र किया गया। यह वही कांग्रेस हैं जिनके कहने पर छत्तीसगढ़ के किसानों की गिरदावरी में उपज के रकबे को कम किया जा रहा हैं। यह वही कांग्रेस हैं जिनकी सरकार में धान खरीदी के नाम पर लगातार छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों को परेशान किया गया, किसानों पर लाठी बरसाए गए, उन्हें जेल में डाला गया। यह वही कांग्रेस हैं जिनके राज में छत्तीसगढ़ के किसान खाद बीज को लेकर परेशान हैं। यह वही कांग्रेस हैं जो किसान सम्मान निधि से छत्तीसगढ़ के किसानों को वंचित करना चाहती हैं। उन्होने कृषि संबंधी कानूनों से किसानों को उन पाबंदियों से आजादी मिलेगी, जिसका वे दशकों से सामना कर रहे थे, किसानों की आजादी से कांग्रेस के पेट में दर्द क्यों? क्यों किसानों की समृद्धि का मार्ग कांग्रेस को खटक रहा हैं? क्यों एमएसपी और मंडी बंद का झूठा भ्रम फैला कर कांग्रेस राजनीति कर रहीं हैं? 55 वर्षों तक कांग्रेस ने किसानों का हितैषी होने की सिर्फबात की और जब किसान हित में कानून बना हैं तो फिर विरोध क्यों? आज के धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति यह साबित करता है कि कांग्रेस के झूठ, भ्रम और छलावे की सियासत को आईना दिखाता हैं कि किसान हितैषी बिल को काला कानून बताने का पाप करने वाली कांग्रेस के साथ कोई किसान नहीं खड़ा हैं।

बोड़ला में पूर्व संसदीय सचिव व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है, किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। भाजपा इस खरीफसत्र की शुरुआत से ही किसानों को साथ हो रही धोखाधड़ी पर प्रदेश सरकार का ध्यान खींचती रही लेकिन किसानों के प्रति बेपरवाह प्रदेश सरकार घटिया बीज वितरण, रासायनिक खाद की कालाबाजारी और नकली कीटनाशक दवाओं की दुकानदारी करने वालों को ही संरक्षण देने में और कमीशनखोरी की काली कमाई में ही मशगूल रही।

भाव ही भव से पार करने वाली नांव है : साध्वी चंदनबालाश्री

रायपुर (नव प्रदेश)। श्री नाकोड़ा जैन भवन, भैरव सोसायटी में विराजित साध्वीवर्या चंदनबालाश्रीजी महाराज साहब ने बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए अपने लिखित जिनवाणी संदेश में कहा कि संयोग वियोग का कारण है। जहां-जहां संयोग है, वहां उसके उपर वियोग की नंगी तलवार लटक रही है। ईष्ट के संयोग का अनुराग शुभ और अनिष्ट के संयोग का द्वेष-अशुभ यही संसार का मूल है।

भावों का कैसा नाटक है, कैसी विचित्र लीला है- मन के परिणामों की। मन के उहापोह का वास्तविक चमत्कार देखते हैं। कपिल केवली को देखें- गरीब ब्राह्मण दो मासा सोने को प्राप्त करने की चिंता में आधी रात को ही घर से निकल पड़े। सिपाहियों ने पकड़ लिया। राजा के सामने प्रस्तुत किया। सोना प्राप्त करने की सत्य हकीकत प्रस्तुत की। राजा ने कहा- केवल दो मासा सोने के लिए इतना परिश्रम। किन्तु कपिल का मन आसक्ति से अनासक्त हो गया। धन की चिंता से मुक्त होकर चिन्तन में लग गया। चिन्ता जिसे बंदीखाने में ले जा रही थी, वहीं चिंतन ने केवलज्ञान के शिखर पर चढ़ा दिया और सदा-सदा के लिए जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति दिला दी। हमारे अन्तःकरण से निकलने वाली विचार तरंगे अंतरिक्ष में व्याप्त हो जाती हैं। ये विचार जितने दृढ़ और पवित्र होते हैं, उतनी ही प्रखर शक्ति से आभामंडल बना लेते हैं। राजगृह का नन्द श्रेष्ठी वैभव में आसक्ति के कारण मरकर मेंढक बनता है किन्तु मेंढक के भव में भावों की शुद्धि और उज्ज्वलता के कारण महार्द्धिवंत देव बनता है।